नोकिया **5000**
उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

अनुपालन की घोषणा

एतद्द्वारा NOKIA CORPORATION घोषणा करता है कि यह RM-362 उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/EC की बुनियादी आवश्यकताओं और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों का अनुपालन करता है। अनुपालन की घोषणा की प्रति http://www.nokia.com/phones/declaration_of_conformity/ पर देखी जा सकती है।

CE 0434

© 2008 Nokia । सर्वाधिकार सुरक्षित।

Nokia, Nokia Connecting People और Navi, Nokia Corporation के ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं। Nokia tune, Nokia Corporation का ध्वनि मार्क है। यहाँ लिखे गए अन्य उत्पादों तथा कंपनियों के नाम अपने संबंधित स्वामियों के ट्रेडमार्क या ट्रेडनाम हो सकते हैं।

Nokia की पूर्व लिखित अनुमति के बगैर इस दस्तावेज़ की संपूर्ण विषय—वस्तु या उसके किसी हिस्से का किसी भी स्वरूप में पुनरुत्पादन, हस्तांतरण, वितरण, या भंडारण प्रतिबंधित है।

यूएस पेटेन्ट क्र। 5818437 व अन्य लंबित पेटेन्ट T9 टेक्स्ट इनपुट सॉफ़्टवेयर कॉपीराइट © 1997-2008। Tegic Communications, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित।

इसमें RSA सिक्योरिटी का RSA BSAFE क्रिप्टोग्राफ़िक या सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल होता है।

Java Sun Microsystems, Inc. का ट्रेडमार्क है।

इस उत्पाद को MPEG-4 Visual Patent Portfolio लाइसेंस के तहत, (i) जिन सूचनाओं का कोडीकरण किसी व्यक्तिगत व गैर व्यावसायिक गतिविधि में संलग्न उपभोक्ता द्वारा MPEG-4 Visual Standard के अनुरूप किया गया है, उनसे संबंधित व्यक्तिगत व गैर व्यावसायिक उपयोग के लिए, और (ii) किसी लाइसेंस प्राप्त वीडियो प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराए गए MPEG-4 वीडियो से संबंधित प्रयोग के लिए, लाइसेंसीकृत किया गया है। किसी अन्य प्रकार के उपयोग के लिए न तो कोई लाइसेंस दिया गया है, व न ही इसमें निहित माना जाएगा। प्रचार संबंधी, आंतरिक और व्यावसायिक उपयोग से संबंधित जानकारी सहित कोई भी अतिरिक्त जानकारी MPEG LA, LLC. से प्राप्त की जा सकती है। <http://www.mpegla.com> देखें।

Nokia सतत विकास की नीति पर कार्य करता है। Nokia बिना किसी पूर्व सूचना के इस दस्तावेज़ में वर्णित किसी भी उत्पाद में परिवर्तन और संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

लागू कानून द्वारा अनुमति की अधिकतम सीमा तक, किसी भी परिस्थिति में NOKIA या उसके कोई भी लाइसेंसर डेटा या आय के किसी नुकसान या किसी विशेष, आकस्मिक, परिणामी या परोक्ष क्षति, चाहे वह किसी भी तरह हुई हो, के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

इस दस्तावेज़ की विषय-वस्तु 'जैसी है' के आधार पर उपलब्ध कराई गई है। लागू नियमों की आवश्यकता के अलावा, इस दस्तावेज़ की सटीकता, विश्वसनीयता या विषयवस्तु के संबंध में किसी भी तरह की स्पष्ट या अंतर्निहित वारंटी, जिसमें विक्रय-योग्यता और किसी विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता की अंतर्निहित वारंटियाँ शामिल हैं लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं, नहीं दी जाती है। NOKIA बिना किसी पूर्व सूचना के इस दस्तावेज़ का पुनरीक्षण करने या उसे वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

इन उत्पाद के लिए विशिष्ट प्रॉडक्ट्स व अनुप्रयोगों व सेवाओं की उपलब्धता क्षेत्र के अनुसार भिन्न हो सकती है। विवरण के लिए और भाषा विकल्पों की उपलब्धता के लिए कृपया अपने Nokia विक्रेता से पूछें।

निर्यात नियंत्रण

इस उपकरण में ऐसी वस्तुएँ, टेक्नॉलॉजी या सॉफ़्टवेयर हो सकते हैं जो यूएस और अन्य देशों के निर्यात कानूनों और विनियमों के अधीन हों। कानून के विरुद्ध विचलन प्रतिबंधित है।

आपके उपकरण के साथ उपलब्ध कराए गए तृतीय पक्ष अनुप्रयोग ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा निर्मित या उनके स्वामित्व में हो सकते हैं जो Nokia से संबंधित या उसके सहयोगी नहीं हैं। Nokia तृतीय पक्ष अनुप्रयोगों के कॉपीराइट्स या बौद्धिक संपदा अधिकारों का स्वामी नहीं है। इसलिए Nokia इनके एन्ड यूज़र समर्थन, अनुप्रयोगों की कार्यक्षमता, या अनुप्रयोगों या **विषय–वस्तु** में दी गई जानकारी की ज़िम्मेदारी नहीं लेता। Nokia तृतीय पक्ष अनुप्रयोगों के लिए कोई वारंटी उपलब्ध नहीं कराता।

लागू कानून द्वारा स्वीकृत अधिकतम सीमा तक, इन अनुप्रयोगों का उपयोग करके आप मानते हैं कि ये अनुप्रयोग जैसे हैं आधार पर बिना किसी स्पष्ट या निहित वारंटी के उपलब्ध कराए गए हैं। आप यह भी स्वीकार करते हैं कि NOKIA या उसकी सहयोगी संस्थाएँ शीर्षक, विक्रय योग्यता या किसी विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता सहित लेकिन इन तक सीमित नहीं, कोई स्पष्ट या निहित, प्रतिनिधित्व या वारंटी नहीं देते, या यह कि ये अनुप्रयोग किसी तृतीय पक्ष पेटेंट, ट्रेडमार्क या अन्य अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते।

अंग्रेजी भाषा वाले रूपांतर, और किसी भारतीय भाषा वाले अनुवाद के बीच कोई असंगति पाई जाने पर अंग्रेजी भाषा वाले रूपांतर को भारतीय भाषा वाले अनुवाद पर सदैव प्राथमिकता दी जाएगी।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

विषय-सूची

आपकी सुरक्षा के लिए............ 6

सामान्य जानकारी................. 10

एक्सेस कोड.. 10

1. शुरूआत करें.................... 11

सिम कार्ड तथा बैटरी स्थापित करें.. 11

बैटरी चार्ज करें 12

एंटीना.. 13

चुंबक और चुंबकीय क्षेत्र 13

2. आपका फोन.................... 14

कुंजियाँ और हिस्से 14

फोन चालू या बंद करें....................... 15

स्टैंडबाय मोड.................................... 15

कुंजीपटल लॉक 16

बिना सिम कार्ड वाली कार्यप्रणालियाँ...................................... 17

पृष्ठभूमि में चलने वाले अनुप्रयोग..... 17

3. कॉल.............................. 18

एक कॉल करें और कॉल का उत्तर दें... 18

लाउडस्पीकर....................................... 18

डायलिंग शॉर्टकट.............................. 19

4. पाठ्य लिखें...................... 20

पाठ्य मोड.. 20

पारंपरिक पाठ्य इनपुट....................... 21

पूर्वाभास पाठ्य इनपुट 21

5. मेनू नेविगेट करें.............. 23

6. संदेश सेवा....................... 24

पाठ्य और मल्टीमीडिया संदेश......... 24

ई–मेल.. 27

फ़्लैश संदेश.. 29

नोकिया एक्सप्रेस ऑडियो संदेश...... 29

तात्कालिक संदेश सेवा...................... 30

ध्वनि संदेश.. 30

संदेश सेटिंग 31

7. संपर्क 33

8. कॉल लॉग 35

9. सेटिंग............................ 36

प्रोफ़ाइल... 36

ध्वनियाँ 37

प्रदर्शन पटल 37

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

तिथि व समय.................................... 37
शॉर्टकट.. 38
समकालन तथा बैकअप..................... 38
संयोजकता.. 39
कॉल और फोन.................................. 42
अतिरिक्त उपकरण............................. 43
संरूपण.. 44
फैक्ट्री सेटिंग वापस लाएँ................. 45

10. ऑपरेटर मेनू.................. 46

11. गैलरी............................ 47

12. मीडिया.......................... 49
कैमरा और वीडियो............................ 49
एफ़.एम. रेडियो................................... 50
ध्वनि रिकॉर्डर...................................... 51
म्यूज़िक प्लेयर.................................... 52

13. अनुप्रयोग....................... 54

14. व्यवस्थापक.................... 56
अलार्म घड़ी... 56
कैलेंडर और कार्यसूची....................... 56

15. वेब................................ 58
एक सेवा से जुड़ें................................ 59
प्रकटीकरण सेटिंग............................. 59
कैश स्मृति... 60
ब्राउज़र सुरक्षा...................................... 61

16. सिम सेवाएँ.................... 63

17. बैटरी और चार्जर जानकारी.................................64
Nokia बैटरी प्रमाणीकरण दिशानिर्देश...... 66

18. अतिरिक्त उपकरण......... 69
बैटरी.. 70
Nokia Bluetooth हेडसेट BH-101... 70
Nokia मिनि स्पीकर्स MD-6............ 71
Nokia स्टीरियो हेडसेट HS-47....... 71
Nokia मोबाइल चार्जर DC-4........... 71

देखभाल व रखरखाव................ 72

अतिरिक्त सुरक्षा जानकारी............ 74

अनुक्रमणिका........................ 81

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

आपकी सुरक्षा के लिए

ये सरल दिशानिर्देश पढ़ें। इनका पालन न करना ख़तरनाक या ग़ैर-कानूनी हो सकता है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका पढ़ें।

सुरक्षापूर्वक चालू करें

जहाँ वायरलेस फ़ोन का उपयोग प्रतिबंधित हो, या उससे व्यवधान या ख़तरा उत्पन्न होने की संभावना हो वहाँ उपकरण चालू न करें।

सड़क सुरक्षा सर्वोपरि

सभी स्थानीय कानूनों का पालन करें। ड्राइविंग करते समय वाहन को चलाने के लिए अपने हाथ हमेशा खाली रखें। ड्राइविंग के दौरान आपकी सबसे पहली चिंता सड़क सुरक्षा होनी चाहिए।

व्यवधान

सभी वायरलेस उपकरण व्यवधान के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं, और व्यवधान से कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

प्रतिबंधित क्षेत्रों में बंद कर दें

प्रतिबंधों का पालन करें। विमानों में, मेडिकल उपकरणों, ईंधन, रसायनों, या ब्लास्टिंग क्षेत्रों के पास उपकरण बंद कर दें।

योग्य सेवा

केवल योग्य कर्मचारी ही इस उत्पाद को स्थापित या दुरुस्त कर सकते हैं।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अतिरिक्त उपकरण एवं बैटरियाँ

केवल स्वीकृत अतिरिक्त उपकरणों एवं बैटरियों का उपयोग करें। असंगत उत्पाद कनेक्ट न करें।

जल प्रतिरोधी

आपका उपकरण जल प्रतिरोधी नहीं है। उसे शुष्क रखें।

■ आपके उपकरण के बारे में

इस मार्गदर्शिका में बताया गया वायरलेस उपकरण EGSM 900 और 1800 नेटवर्क में प्रयोग के लिए अनुमोदित है। नेटवर्कों के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

इस उपकरण की सुविधाओं का उपयोग करते समय सभी कानूनों का पालन करें और स्थानीय प्रथाओं, गोपनीयता व कॉपीराइट सहित दूसरों के वैध अधिकारों का सम्मान करें।

कॉपीराइट सुरक्षा के कारण कुछ आकृतियों, संगीत व अन्य विषय–वस्तु की प्रतिलिपि बनाना, उन्हें संशोधित करना या स्थानांतरित करना शायद संभव न हो।

आपके उपकरण में पूर्व स्थापित बुकमार्क या तृतीय पक्ष इंटरनेट साइटों के लिंक हो सकते हैं। आप अपने उपकरण से अन्य तृतीय पक्ष साइटों तक भी पहुँच सकते हैं। तृतीय पक्ष साइटें Nokia की सहयोगी नहीं हैं, और Nokia उनका न तो अनुमोदन करता है न ही उनके लिए कोई उत्तरदायित्व स्वीकार करता है। यदि आप ऐसी साइटों तक पहुँच स्थापित करना चुनते हैं, तो आपको सुरक्षा और विषय–वस्तु के लिए सावधानियाँ बरतनी चाहिए।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

चेतावनी: अलार्म घड़ी के अलावा इस उपकरण की किसी भी सुविधा का उपयोग करने के लिए उपकरण को चालू किया जाना चाहिए। जब वायरलेस उपकरण के उपयोग से व्यवधान या ख़तरा उत्पन्न होने की संभावना हो तो उपकरण चालू न करें।

आपके उपकरण में संचित सारी महत्वपूर्ण जानकारी की बैकअप प्रतिलिपि या लिखित रेकॉर्ड अवश्य बना कर रखें।

किसी भी अन्य उपकरण से कनेक्ट करते समय सविस्तार सुरक्षा निर्देशों के लिए उसकी उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका पढ़ें। असंगत उत्पाद कनेक्ट न करें।

■ नेटवर्क सेवाएँ

फ़ोन का उपयोग करने के लिए आपके पास किसी वायरलेस सेवा प्रदाता की सेवा उपलब्ध होनी चाहिए। कई सुविधाओं के लिए विशेष नेटवर्क सुविधाएँ आवश्यक हैं। ये सुविधाएँ सभी नेटवर्कों पर उपलब्ध नहीं हैं, अन्य नेटवर्कों के अनुसार आपके लिए नेटवर्क सेवाओं के उपयोग से पहले अपने सेवा प्रदाता के साथ विशिष्ट व्यवस्था करना आवश्यक है। आपका सेवा प्रदाता आपको निर्देश दे सकता है और यह बता सकता है कि क्या शुल्क लागू होंगे। कुछ नेटवर्कों की सीमाएँ हो सकती हैं जो आपके नेटवर्क सेवाओं के उपयोग को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ नेटवर्क शायद सभी भाषा-आधारित वर्णों और सेवाओं का समर्थन न करें।

आपके सेवा प्रदाता ने शायद यह अनुरोध किया हो कि आपके उपकरण में कुछ सुविधाएँ अक्षम कर दी जाएँ या सक्रिय न की जाएँ। यदि ऐसा है तो वे सुविधाएँ आपके उपकरण मेनू

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

पर प्रदर्शित नहीं होंगी। आपके उपकरण का शायद कोई विशेष संरूपण हो, जैसे मेनू नामों, मेनू क्रम या चिह्नों में बदलाव। अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

यह उपकरण TCP/IP प्रोटोकॉल पर चलने वाले WAP 2.0 प्रोटोकॉल (HTTP और SSL) को समर्थित करता है। इस उपकरण की कुछ सुविधाएँ, जैसे मल्टीमीडिया संदेश सेवा (MMS), ई–मेल अनुप्रयोग, तात्कालिक संदेश सेवा को इन तकनीकियों के लिए नेटवर्क समर्थन की आवश्यकता होती है।

■ साझी स्मृति

इस उपकरण की निम्नलिखित सुविधाएँ स्मृति को साझा कर सकती हैं: मल्टीमीडिया संदेश सेवा, ई–मेल अनुप्रयोग, तात्कालिक संदेश सेवा। इनमें किसी एक या अनेक सुविधाओं का प्रयोग करने पर शेष सुविधाओं के लिए उपलब्ध साझी स्मृति में कमी आ सकती है। संभव है कि आपका उपकरण साझी स्मृति सुविधा के प्रयोग का प्रयास करते समय संदेश प्रदर्शित करे कि स्मृति भर चुकी है। ऐसी स्थिति में, आगे बढ़ने से पहले साझी स्मृति सुविधाओं में संग्रहित कुछ प्रविष्टियों या जानकारियों को हटा दें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

सामान्य जानकारी

■ एक्सेस कोड

सुरक्षा कोड आपके फोन को अनाधिकृत प्रयोग से सुरक्षा प्रदान करता है।

सिम कार्ड के साथ प्रदान किया गया पिन कोड आपके कार्ड के अनाधिकृत प्रयोग से सुरक्षा प्रदान करता है। कुछ सिम कार्ड के साथ प्रदान किया गया पिन2 कोड कुछ सेवाओं में पहुँचने के लिए आवश्यक होता है। यदि आप लगातार तीन बार पिन या पिन2 कोड गलत प्रविष्ट करते हैं, तो आपसे PUK या PUK2 कोड पूछा जाएगा। यदि यह आपके पास नहीं है, तो अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

आपके सिम कार्ड के सुरक्षा मॉड्यूल की जानकारी तक पहुँचने के लिए मॉड्यूल पिन की आवश्यकता पड़ती है। डिज़िटल हस्ताक्षर के लिए साइनिंग पिन की आवश्यकता पड़ सकती है। यदि कॉल रोधन सेवा का प्रयोग कर रहे हों, तो रोधन पासवर्ड की आवश्यकता पड़ती है।

आपका फोन एक्सेस कोड तथा सुरक्षा सेटिंग का प्रयोग कैसे करता है, यह सेट करने के लिए **मेनू** > *सेटिंग* > *सुरक्षा* चुनें।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

1. शुरूआत करें

■ सिम कार्ड तथा बैटरी स्थापित करें

बैटरी निकालने के पहले हमेशा उपकरण का स्विच बंद कर दें तथा चार्जर का संपर्क हटा दें।

खरोंचने या मोड़ने से सिम कार्ड तथा उसकी जानकारियाँ आसानी से क्षतिग्रस्त हो सकती हैं, इसलिए कार्ड का इस्तेमाल करते समय, डालते या निकालते समय सावधानी बरतें।

नोटः कवर निकालने से पहले हमेशा बिजली बंद कर दें तथा चार्जर एवं किसी अन्य उपकरण का कनेक्शन हटा दें। कवर बदलते समय इलेक्ट्रॉनिक अवयवों को छूने से बचें। रखते समय या प्रयोग करते समय उपकरण में हमेशा कवर लगा रहे।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

1. पिछला कवर (1) दबाएँ और इसे निकाल लें (2)।



2. बैटरी (3) निकालें और सिमकार्ड (4) प्रविष्ट करें।
3. बैटरी (5) प्रविष्ट करें और पिछला कवर (6) पुनः लगाएँ।

■ बैटरी चार्ज करें

1. चार्जर को एक दीवार के आउटलेट से जोड़ें।
2. चार्जर के तार को अपने फोन के चार्जर कनेक्टर से जोड़ें।



 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

यदि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज हो गई है, तब चार्जिंग सूचक को प्रदर्शन पटल पर दिखाई देने अथवा कॉल की स्थिति में आने में कुछ मिनट लग सकते हैं।

■ एंटीना

आपके उपकरण में आंतरिक या बाह्य एंटीना मौजूद हो सकते हैं। जैसा कि किसी भी रेडियो प्रसारण उपकरणों में होता है, जब एंटीना प्रसारित या ग्रहण कर रहा हो, तो एंटीना क्षेत्र के अनावश्यक स्पर्श से बचें। ऐसे एंटीना को स्पर्श करने पर संचार की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है तथा उपकरण को सामान्य की तुलना में उच्च ऊर्जा स्तर पर कार्य करना पड़ सकता है जिससे बैटरी का जीवन घट सकता है।



■ चुंबक और चुंबकीय क्षेत्र

उपकरण को चुंबक और चुंबकीय क्षेत्रों से दूर रखें क्योंकि इससे कुछ अनुप्रयोग, जैसे कैमरा अनपेक्षित रूप से सक्रिय हो सकते हैं।

2. आपका फोन

■ कुंजियाँ और हिस्से



- ईयरपीस (1)
- प्रदर्शन पटल (2)
- चयन कुंजियाँ (3)
- Navi™ कुंजी (इसके आगे स्क्रॉल कुंजी (4) के नाम से बताया गया है)
- कॉल कुंजी (5)
- समाप्ति कुंजी तथा पावर कुंजी (6)



- स्ट्रैप आईलेट (7)
- कैमरा लेंस (8)
- लाउडस्पीकर (9)
- माइक्रोफ़ोन (10)
- हेडसेट कनेक्टर (11)

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- चार्जर कनेक्टर (12)
- कैमरा कुंजी (13)

नोटः इस कनेक्टर को न छुएँ, क्योंकि यह केवल प्राधिकृत सेवा कर्मियों के प्रयोग के लिए नियत है।



■ फोन चालू या बंद करें

फोन चालू या बंद करने के लिए पावर कुंजी को दबाएँ रखें।

■ स्टैंडबाय मोड

जब फ़ोन प्रयोग के लिए तैयार होता है, और आपने कोई वर्ण नहीं प्रविष्ट किया है, तो फोन स्टैंडबाय मोड में होता है:

नेटवर्क संकेत शक्ति (1)

बैटरी चार्ज स्तर (2)

नेटवर्क का नाम या ऑपरेटर लोगो (3)

चयन कुंजियों की कार्यप्रणालियाँ (4)



कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

आपकी वैयक्तिक शॉर्टकट सूची की कार्यप्रणालियाँ आपको दिखाने के लिए बायीं चयन कुंजी **जाएँ** है। जब सूची देखें तो उन उपलब्ध कार्यप्रणालियों को देखने के लिए **विकल्प** > *विकल्प चुनें* चुनें, या अपनी शॉर्टकट सूची की कार्यप्रणालियों को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए *व्यवस्थित करें* चुनें।

■ कुंजीपटल लॉक

अनायास कुंजी दबने से रोकने के लिए, **मेनू** चुनें और * दबाएँ, कुंजीपटल लॉक करने के लिए * को 3.5 सेकंड के भीतर दबाएँ।

कुंजीपटल को अनलॉक करने के लिए **अनलॉ. करें** चुनें, और 1.5 सेकंड के भीतर * दबाएँ। यदि *सुरक्षा कुंजीकवच* ऑन हो, तो मांगने पर सुरक्षा कोड प्रविष्ट करें।

जब आपका फोन स्टैंडबाय मोड में हो, तब कुंजीपटल को एक पूर्व निर्धारित समय बाद स्वतः लॉक होना सेट करने के लिए **मेनू** > *सेटिंग* > *फोन* > *स्वचालित कुंजीकवच* > *चालू* चुनें।

जब कुंजीपटल लॉक हो, तब किसी कॉल का उत्तर देने के लिए, कॉल कुंजी दबाएँ। जब आप कॉल समाप्त या अस्वीकार करते हैं, तो कुंजीपटल स्वतः ही लॉक हो जाता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

जब उपकरण या कुंजीपटल लॉक हो, तब आपके उपकरण में प्रोग्राम किए गए आधिकारिक आपातकालीन नंबर पर कॉल करना संभव है।

■ बिना सिम कार्ड वाली कार्यप्रणालियाँ

आपके फोन में बिना सिम कार्ड डाले कुछ कार्यप्रणालियों का प्रयोग किया जा सकता है, जैसे संगीत प्लेयर, रेडियो, गेम्स, तथा संगत पी. सी. या अन्य संगत उपकरण में डेटा स्थानांतरण। कुछ कार्यप्रणालियाँ मेनू में मंद दिखाई पड़ती हैं और उनका प्रयोग नहीं किया जा सकता।

■ पृष्ठभूमि में चलने वाले अनुप्रयोग

पृष्ठभूमि में अनुप्रयोगों को चलाते रहने पर बैटरी ऊर्जा की मांग बढ़ जाती है और बैटरी का जीवन कम हो जाता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

3. कॉल

■ एक कॉल करें और कॉल का उत्तर दें

कॉल करने के लिए, फोन नंबर, यदि आवश्यक हो तो देश कोड तथा क्षेत्र कोड के साथ, प्रविष्ट करें। उस नंबर पर कॉल करने के लिए कॉल कुंजी दबाएँ। फोनकॉल के दौरान अपने ईयरपीस या हेडसेट की ध्वनि प्रबलता को बढ़ाने के लिए ऊपर या घटाने के लिए नीचे स्क्रॉल करें।

किसी आने वाली कॉल का उत्तर देने के लिए, कॉल कुंजी दबाएँ। कॉल का उत्तर दिए बिना उसे अस्वीकृत करने के लिए, समाप्ति कुंजी दबाएँ।

■ लाउडस्पीकर

उपलब्धता होने पर कॉल के दौरान लाउडस्पीकर या ईयरपीस का प्रयोग करने के लिए आप **ला–स्पीकर** या **हैंडसेट** चुन सकते हैं।

चेतावनी: जब लाउडस्पीकर का प्रयोग कर रहे हों, तो उपकरण को अपने कान के पास न पकड़ें, क्योंकि ध्वनिप्रबलता अत्यंत ऊँची हो सकती है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ डायलिंग शॉर्टकट

किसी फोन नंबर के लिए 2 से 9 तक का नंबर निर्दिष्ट करने के लिए **मेनू** > *संपर्क* > *तीव्र डायल* चुनें, एक इच्छित नंबर पर स्क्रॉल करें, और **निर्दिष्ट करें** चुनें। इच्छित फोन नंबर प्रविष्ट करें, या रक्षित संपर्कों के लिए **खोजें** चुनें।

तीव्र डायलिंग कार्यप्रणाली चालू करने के लिए **मेनू** > *सेटिंग* > *कॉल* > *तीव्र डायलिंग* > *चालू* चुनें।

तीव्र डायलिंग का प्रयोग कर एक कॉल करने के लिए, स्टैंडबाय मोड में इच्छित नंबर कुंजी दबाए रखें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

4. पाठ्य लिखें

■ पाठ्य मोड

पाठ्य प्रविष्ट करने के लिए (उदाहरण के लिए, संदेश लिखते समय) आप पारंपरिक या पूर्वाभास पाठ्य इनपुट का प्रयोग कर सकते हैं।

जब आप पाठ्य लिखते हैं, तब पारंपरिक पाठ्य इनपुट, जिसे द्वारा दिखाया गया है और पूर्वाभास पाठ्य इनपुट, जिसे द्वारा दिखाया गया है, के बीच टॉगल करने के लिए **विकल्प** चुनें। पूर्वाभास पाठ्य इनपुट के लिए सभी भाषाएँ समर्थित नहीं हैं।

वर्ण केस को abc, ABC , और Abc द्वारा दिखाया गया है। वर्ण केस बदलने के लिए # दबाएँ। अक्षर से अंक मोड, जिसे 123 द्वारा दिखाया गया है, में बदलने के लिए # दबाए रखें, और *नंबर मोड* चुनें। अंक से अक्षर मोड में जाने के लिए # दबाए रखें।

लेखन भाषा चुनने के लिए, **विकल्प** > *लेखन भाषा* चुनें।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ पारंपरिक पाठ्य इनपुट

जब तक कि इच्छित वर्ण प्रकट न हो जाए **2** से **9** के बीच अंक कुंजी बार–बार दबाएँ। उपलब्ध वर्णों की संख्या चयनित लेखन भाषा पर निर्भर करती है।

यदि आपका इच्छित वर्ण उसी कुंजी में है जिसमें वर्तमान वर्ण है, तो कर्सर के दिखाई देने तक प्रतीक्षा करें और फिर अक्षर प्रविष्ट करें।

अधिकांशतः प्रयोग में आने वाले विराम चिह्नों तथा विशेष वर्णों में पहुँचने के लिए अंक कुंजी **1** को बार–बार दबाएँ, या विशेष वर्ण का चयन करने के लिए * दबाएँ।

■ पूर्वाभास पाठ्य इनपुट

पूर्वाभास पाठ्य इनपुट एक ऐसे अंतः स्थित शब्दकोश पर आधारित होते हैं, जिनमें आप भी नए शब्द जोड़ सकते हैं।

1. कुंजियों **2** से **9** का प्रयोग करते हुए कोई शब्द लिखना प्रारंभ करें। एक अक्षर के लिए प्रत्येक कुंजी को मात्र एक बार दबाएँ।
2. एक रिक्त स्थान जोड़कर शब्द की पुष्टि करने के लिए, **0** दबाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- यदि शब्द सही नहीं है, तो * को बार–बार दबाएँ, और सूची से शब्द चुनें।
- यदि शब्द के बाद ? वर्ण प्रदर्शित होता है, तो आपका इच्छित शब्द शब्दकोश में नहीं है। शब्दकोश में शब्द जोड़ने के लिए, **वर्तनी** चुनें। उस शब्द को पारंपरिक पाठ्य इनपुट का प्रयोग कर प्रविष्ट करें, और **रक्षित करें** चुनें।
- संयुक्त शब्दों को प्रविष्ट करने के लिए, शब्द का प्रथम भाग प्रविष्ट करें, और उसकी पुष्टि करने के लिए स्क्रॉल कुंजी दबाएँ। शब्द का अंतिम भाग लिखें, और शब्द की पुष्टि करें।

3. अगला शब्द लिखना प्रारंभ करें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

5. मेनू नेविगेट करें

फोन कार्यप्रणालियों को मेनू में समूहीकृत किया गया है। यहाँ सभी मेनू कार्यप्रणाली या विकल्प आइटम का वर्णन नहीं किया गया है।

स्टैंडबाय मोड में, **मेनू** और इच्छित मेनू और उपमेनू चुनें। वर्तमान मेनू स्तर से बाहर निकलने के लिए **बाहर आएँ** या **पीछे** चुनें। सीधे स्टैंडबाय मोड में लौटने के लिए समाप्ति कुंजी दबाएँ। मेनू अवलोकन बदलने के लिए, **मेनू** > **विकल्प** > *मुख्य मेनू अवलोकन* चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

6. संदेश सेवा

आप पाठ्य, मल्टीमीडिया, ऑडियो और फ़्लैश संदेश और ई–मेल पढ़, लिख, भेज या रक्षित कर सकते हैं। संदेश सेवा का प्रयोग तभी किया जा सकता है जब आपका नेटवर्क या सेवा प्रदाता इन्हें समर्थित करे।

■ पाठ्य और मल्टीमीडिया संदेश

आप एक संदेश बना तथा विकल्प में, उदाहरण के लिए कोई चित्र संलग्न कर सकते हैं। जब कोई फ़ाइल संलग्न की जाती है, तो आपका पाठ्य संदेश स्वतः ही मल्टीमीडिया संदेश में बदल जाता है।

पाठ्य संदेश

आपका उपकरण एक संदेश की सीमा से बड़े पाठ्य संदेशों को समर्थित करता है। लंबे संदेशों को दो या अधिक संदेशों में भेजा जाता हैं। इसके अनुसार आपका सेवा प्रदाता शुल्क लगा सकता है। उच्चारण या अन्य चिह्नों वाले वर्ण और कुछ भाषा विकल्पों वाले वर्ण अधिक स्थान लेते हैं, और एक संदेश में भेजे जा सकने वाले वर्णों की संख्या सीमित कर सकते हैं।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

प्रदर्शन पटल के शीर्ष पर एक सूचक वर्णों की शेष संख्या तथा प्रेषित किए जाने वाले संदेशों की संख्या बताता है।

इससे पहले कि आप कोई पाठ्य या एस.एम.एस. ई–मेल संदेश भेजें, आपको अपना संदेश केंद्र नंबर रक्षित करना पड़ेगा। **मेनू** > *संदेश सेवा* > *संदेश सेटिंग* > *पाठ्य संदेश* > *संदेश केंद्र* > *केंद्र जोड़ें* चुनें, सेवा प्रदाता द्वारा एक नाम तथा नंबर प्रविष्ट करें।

मल्टीमीडिया संदेश

मल्टीमीडिया संदेश में पाठ्य, चित्र, ध्वनि क्लिप और वीडियो क्लिप शामिल हो सकते हैं।

मल्टीमीडिया संदशों को इनकी संगत सुविधाओं वाले अन्य उपकरण ही प्राप्त और प्रदर्शित कर सकते हैं। संदेश का रूप प्राप्त करने वाले उपकरण के अनुसार परिवर्तित हो सकता है।

वायरलेस नेटवर्क आपके एम.एम.एस. संदेशों के आकार सीमित कर सकता है। यदि डाला गया चित्र सीमा से अधिक है, तो यह उपकरण उसे छोटा बना सकता है ताकि इसे एम.एम.एस. के जरिए भेजा जा सके।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

महत्वपूर्ण: संदेशों को खोलने से पहले सावधानी बरतें। संदेशों में दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर या अन्य विषय–वस्तु हो सकती है जो आपके उपकरण या पी.सी. के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

एक पाठ्य या मल्टीमीडिया संदेश बनाएँ

मेनू > *संदेश सेवा* > *संदेश बनाएँ* > *संदेश* चुनें।

प्राप्तकर्ता जोड़ने के लिए, *सेवा में:* फ़ील्ड पर स्क्रॉल करें, और प्राप्तकर्ता का नंबर या ई–मेल पता प्रविष्ट करें, या उपलब्ध विकल्पों में प्राप्तकर्ता चुनने के लिए **जोड़ें** चुनें। प्राप्तकर्ता और विषय जोड़ने तथा प्रेषण विकल्पों को सेट करने के लिए **विकल्प** चुनें।

पाठ्य: फ़ील्ड पर स्क्रॉल करें, और संदेश पाठ्य प्रविष्ट करें।

संदेश में विषय–वस्तु संलग्न करने के लिए, प्रदर्शन पटल के तल पर स्थित संलग्नक पट्टी पर स्क्रॉल करें, और विषय–वस्तु का इच्छित प्रकार चुनें।

संदेश भेजने के लिए, **भेजें** दबाएँ।

प्रदर्शन पटल के शीर्ष में संदेश प्रकार दिखाई देता है तथा संदेश की विषय–वस्तु के अनुसार स्वतः ही बदल जाता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

संदेश प्रकार के अनुसार सेवा प्रदाता भिन्न–भिन्न शुल्क ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से जाँच करें।

■ ई–मेल

अपने फोन से ई–मेल पढ़ने, लिखने और भेजने के लिए अपने POP3 या IMAP4 ई–मेल खातों में पहुँच प्राप्त करें। यह ई–मेल अनुप्रयोग एस.एम.एस. ई–मेल सुविधा से भिन्न है।

इससे पहले कि आप ई–मेल का प्रयोग कर सकें, आपके पास एक ई–मेल खाता तथा ठीक सेटिंग होना आवश्यक है। अपने ई–मेल खाते की उपलब्धता और सेटिंग की जाँच करने के लिए अपने ई–मेल सेवा प्रदाता से संपर्क करें। आप संरूपण संदेश के रूप में ई–मेल संरूपण सेटिंग प्राप्त कर सकते हैं।

ई–मेल सेटअप विज़र्ड

यदि फोन में कोई ई–मेल सेटिंग परिभाषित नहीं है, तो ई–मेल सेटअप विज़र्ड स्वतः ही प्रारंभ हो जाएगा। एक अतिरिक्त ई–मेल खाते के लिए सेटअप विज़र्ड प्रारंभ करने के लिए **मेनू** > *संदेश सेवा* और मौजूदा ई–मेल खाता चुनें। ई–मेल सेटअप विज़र्ड प्रारंभ करने

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

के लिए **विकल्प** > *मेलबॉक्स जोड़ें* चुनें। प्रदर्शन पटल पर आए निर्देशों का पालन करें।

एक ई–मेल लिखें और भेजें

ई–मेल भेजने के लिए, **मेनू** > *संदेश सेवा* > *संदेश बनाएँ* > *ई–मेल संदेश* चुनें। ई–मेल में एक फ़ाइल संलग्न करने के लिए **विकल्प** > *डालें* चुनें। ई–मेल भेजने के लिए कॉल कुंजी दबाएँ। यदि आवश्यक हो तो इच्छित खाता चुनें।

ई–मेल डाउनलोड करें

महत्वपूर्णः संदेशों को खोलने से पहले सावधानी बरतें। संदेशों में दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर या अन्य विषय–वस्तु हो सकती है जो आपके उपकरण या पी.सी. के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

पुनर्प्राप्ति मोड चुनने के लिए, **मेनू** > *संदेश सेवा* > *संदेश सेटिंग* > *ई–मेल संदेश* > *मेलबॉक्स संपादित करें* और इच्छित मेलबॉक्स चुनें, और *डाउनलोड सेटिंग* > *पुनर्प्राप्ति मोड* चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ई–मेल डाउनलोड करने के लिए, **मेनू** > *संदेश सेवा* और इच्छित मेलबॉक्स चुनें; यदि आवश्यक हो तो संपर्क के लिए पूछे गए प्रश्न की पुष्टि करें।

■ फ़्लैश संदेश

फ़्लैश संदेश ऐसे संदेश होते हैं, जो पुनर्प्राप्ति होने पर तुरंत प्रदर्शित किए जाते हैं।

मेनू > *संदेश सेवा* > *संदेश बनाएँ* > *फ़्लैश संदेश* चुनें।

प्राप्तकर्ता का फोन नंबर प्रविष्ट करें, संदेश लिखें (अधिकतम 70 वर्ण), और **भेजें** चुनें।

■ नोकिया एक्सप्रेस ऑडियो संदेश

एक सुविधाजनक तरीक़े से एम.एम.एस. का प्रयोग करते हुए एक ऑडिया संदेश बनाएँ और भेजें।

मेनू > *संदेश सेवा* > *संदेश बनाएँ* > *ऑडियो संदेश* चुनें। रिकॉर्डर खुल जाता है।

अपना संदेश रिकॉर्ड करें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

प्रति: फ़ील्ड में एक या अधिक फोन नंबर प्रविष्ट करें, या नंबर प्राप्त करने के लिए **जोड़ें** चुनें।

संदेश भेजने के लिए, **भेजें** चुनें।

■ तात्कालिक संदेश सेवा

तात्कालिक संदेश सेवा (IM, नेटवर्क सेवा) में आप ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं को छोटे–छोटे पाठ्य संदेश भेज सकते हैं। आपको एक सेवा की सदस्यता लेनी पड़ेगी और जिस IM का प्रयोग करना चाहते हैं, उसमें पंजीकरण कराना पड़ेगा। इन सेवाओं की उपलब्धता, शुल्क तथा निर्देशों के लिए अपने सेवा प्रदाता से पता करें। इसका मेनू आपके IM प्रदाता के अनुसार परिवर्तित हो सकता है।

इस सेवा से संपर्क के लिए, **मेनू** > *संदेश सेवा* > *संदेश बनाएँ* > *IM* चुनें, और प्रदर्शन पटल पर आए निर्देशों का पालन करें।

■ ध्वनि संदेश

ध्वनि मेलबॉक्स एक नेटवर्क सेवा है, जिसकी सदस्यता आपको लेनी पड़ सकती है। अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अपने ध्वनि मेलबॉक्स में कॉल करने के लिए, **1** दबाए रखें।

अपना ध्वनि मेलबॉक्स नंबर संपादित करने के लिए, **मेनू** > *संदेश सेवा* > *ध्वनि संदेश* > ***ध्वनि मेलबॉक्स नंबर*** चुनें।

■ संदेश सेटिंग

अपनी संदेश सेवा सुविधा सेट अप करने के लिए **मेनू** > *संदेश सेवा* > *संदेश सेटिंग* चुनें।

सामान्य सेटिंग – भेजे गए संदेशों को रखने, या यदि संदेश स्मृति भर जाए तो पुराने संदेशों पर उपरिलेखित करने, या संदेशों से संबंधित अन्य प्राथमिकताओं का सेट अप करने के लिए

पाठ्य संदेश – डिलीवरी रिपोर्ट की अनुमति, एस.एम.एस. और एस.एम.एस. ई–मेल के लिए संदेश केंद्र सेट अप, वर्ण समर्थन का प्रकार चुनने, और पाठ्य संदेशों से संबंधित अन्य प्राथमिकताओं का सेट अप करने के लिए

मल्टीमीडिया संदेश – डिलीवरी रिपोर्ट की अनुमति, मल्टीमीडिया संदेशों के स्वरूप का सेट अप, मल्टीमीडिया संदेशों और विज्ञापनों की प्राप्ति की अनुमति और मल्टीमीडिया से संबंधित अन्य प्राथमिकताओं का सेटअप करने के लिए

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ई–मेल संदेश – ई–मेल की प्राप्ति की अनुमति देने, ई–मेल में आकृति का आकार सेट करने, और ई–मेल से संबंधित अन्य प्राथमिकताओं का सेट अप करने के लिए।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

7. संपर्क

मेनू > *संपर्क* का चयन करें।

आप फोन स्मृति और सिम कार्ड स्मृति में नाम और फोन नंबर रक्षित कर सकते हैं। फोन स्मृति संपर्कों को फोन नंबरों और पाठ्य आइटमों के साथ रक्षित कर सकती है। सिम कार्ड स्मृति में रक्षित नाम और नंबर को द्वारा दिखाया गया है।

संपर्क जोड़ने के लिए **मेनू** > *संपर्क* > *नाम* > **विकल्प** > *नया संपर्क जोड़ें* चुनें। संपर्क में ब्यौरा जोड़ने के लिए सुनिश्चित करें कि प्रयोग में आने वाली स्मृति *फोन* या *फोन और सिम* हो। नाम पर स्क्रॉल करें, और **ब्यौरा** > **विकल्प** > *ब्यौरा जोड़ें* चुनें।

संपर्क खोजने के लिए, *नाम* चुनें, और संपर्कों की सूची पर स्क्रॉल करें या खोज के लिए नाम के पहले अक्षर प्रविष्ट करें।

फोन स्मृति और सिम कार्ड स्मृति के बीच संपर्कों की प्रतिलिपि बनाने के लिए, *नाम* > **विकल्प** > *संपर्क प्रतिलिपि करें* चुनें। सिम कार्ड स्मृति प्रत्येक नाम के साथ एक ही फोन नंबर रक्षित कर सकता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अपने संपर्कों के लिए सिम कार्ड या फोन स्मृति चुनने के लिए, संपर्कों में नाम और नंबर कैसे प्रदर्शित होंगे यह चुनने के लिए, और मुक्त और प्रयुक्त स्मृति क्षमता देखने के लिए, *सेटिंग* चुनें।

आप किसी व्यक्ति की संपर्क जानकारी एक ऐसे संगत उपकरण से भेज या प्राप्त कर सकते हैं जो व्यापारिक कार्ड के रूप में व्हीकार्ड मानकों को समर्थित करता है। एक व्यापारिक कार्ड भेजने के लिए *नाम* चुनें, जिसकी जानकारी भेजना चाहते हैं उसे खोजें और **ब्यौरा** > **विकल्प** > *बिज़नेस कार्ड भेजें* चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

8. कॉल लॉग

अपने कॉल पर जानकारी देखने के लिए **मेनू** > *लॉग* चुनें। उपलब्ध विकल्पों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

सभी कॉल – अभी हाल ही में अपनी छूटी और प्राप्त कॉलों और डॉयल किए गए नंबरों को समयानुसार देखने के लिए

छूटी कॉलें, प्राप्त कॉलें, या *डायल किए गए नंबर* – आपकी हाल ही के कॉलों के बारे में जानकारी के लिए

संदेश प्राप्तकर्ता – ऐसे संपर्क देखने के लिए, जिन्हें आपने हाल ही में संदेश भेजा है।

कॉल अवधि, डेटा गणक, या *पैकेट डेटा समयक* – आपके हाल ही के वार्तालापों के बारे में सामान्य जानकारी देखने के लिए।

संदेश लॉग, या *समकालन लॉग* – प्रेषित और प्राप्त संदेशों या समकालनों को देखने के लिए

नोटः आपके सेवा प्रदाता द्वारा कॉलों और सेवाओं का वास्तविक इनवॉइस अलग हो सकता है, जो नेटवर्क सुविधाओं, बिलिंग के लिए समय का राउंडिंग ऑफ, करों और अन्य बातों पर निर्भर हो सकता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

9. सेटिंग

■ प्रोफ़ाइल

आपके फोन के कई सेटिंग समूह हो सकते हैं जिन्हें प्रोफ़ाइल कहते हैं, जिन्हें आप विभिन्न कार्यक्रमों और वातावरण के लिए रुचिनुसार बदल सकते हैं।

मेनू > *सेटिंग* > *प्रोफ़ाइल*, इच्छित प्रोफ़ाइल और निम्न विकल्पों में कोई एक चुनें:

सक्रिय करें – चुने हुए प्रोफ़ाइल को सक्रिय करने के लिए

वैयक्तिक बनाएँ – प्रोफ़ाइल सेटिंग परिवर्तित करें

नियतकालिक – प्रोफ़ाइल को किसी समाप्ति समय तक सक्रिय करने के लिए। जब प्रोफ़ाइल के लिए सेट किया समय समाप्त हो जाता है, तब पिछला प्रोफ़ाइल जिसे नियतकालिक नहीं किया गया है, सक्रिय हो जाता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ ध्वनियाँ

आप चुने गए सक्रिय प्रोफ़ाइल के लिए ध्वनि सेटिंग बदल सकते हैं।

मेनू > *सेटिंग* > *ध्वनियाँ* चुनें। आप *प्रोफ़ाइल* मेनू में वही सेटिंग प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप रिंगिंग ध्वनि का स्तर उच्चतम चुनते हैं, तो रिंगिंग ध्वनि कुछ सेकंड के बाद उच्चतम स्तर तक पहुँचेगी।

■ प्रदर्शन पटल

मेनू > *सेटिंग* > *प्रदर्शन पटल* चुनें।

फ़ोन के एक निश्चित समय तक उपयोग न होने पर प्रदर्शन को स्वचालित रूप से बंद करने के लिए, चुनें *स्लीप मोड*.

■ तिथि व समय

मेनू > *सेटिंग* > *तिथि व समय* चुनें।

तिथि व समय सेट करने के लिए, *तिथि व समय सेटिंग* चुनें।

तिथि व समय का प्रारूप सेट करने के लिए, *तिथि व समय प्रारूप* चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

वर्तमान समय क्षेत्र के अनुसार समय व तिथि फोन स्वतः ही अद्यतन कर ले, यह सेट करने के लिए, *तिथि व समय का स्वतः अद्यतन* (नेटवर्क सेवा) चुनें।

■ शॉर्टकट

वैयक्तिक शार्टकट के जरिए, आप बार–बार उपयोग में आने वाली फोन कार्यप्रणाली पर तुरंत पहुँच सकते हैं। **मेनू** > *सेटिंग* > *मेरे शार्टकट* चुनें।

दायीं या बायीं चयन कुंजी में एक फोन कार्यप्रणाली सेट करने के लिए, *दायीं चयन कुंजी* या *बायीं चयन कुंजी* चुनें।

स्क्रॉल कुंजी के लिए शार्टकट कार्यप्रणाली चुनने के लिए, *नेविगेशन कुंजी* चुनें। इच्छित दिशा में स्क्रॉल करें, और **बदलें** या **निर्दिष्ट करें** और सूची से एक कार्यप्रणाली चुनें।

■ समकालन तथा बैकअप

मेनू > *सेटिंग* > *सम. तथा बैकअप* चुनें।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

फोन स्विच – Bluetooth तकनीक का प्रयोग करते हुए आपके फोन और अन्य फोन को समकालित करें या चुने हुए डेटा की प्रतिलिपि बनाएँ।

डेटा स्थानांतरण – चुने गए डेटा को आपके फोन और किसी अन्य उपकरण, पी.सी. या नेटवर्क सर्वर में समकालित करें या प्रतिलिपि बनाएँ (नेटवर्क सेवा)।

■ संयोजकता

आपके फोन में ऐसी अनेक सुविधाएँ हैं, जो आपको डेटा स्थानांतरण के लिए अन्य उपकरण से संपर्क बनाने की अनुमति देती हैं।

Bluetooth वायरलेस तकनीक

Bluetooth तकनीक आपको रेडियो तरंगों के प्रयोग से अपना फोन किसी संगत Bluetooth उपकरण से 10 मीटर (32 फीट) के अंदर जोड़ने की अनुमति देती है।

यह उपकरण Bluetooth विशेषताओं 2.0 + EDR का पालन करता है, जो निम्न प्रोफ़ाइलों को समर्थित करता है : जेनेरिक एक्सेस, नेटवर्क एक्सेस, नियंत्रण, हैंड्स फ्री, हेडसेट, ऑब्जेक्ट पुश, फ़ाइल स्थानांतरण, डायल–अप नेटवर्किंग, सिम एक्सेस, और सीरियल

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

पोर्ट। Bluetooth का समर्थन करने वाले दूसरे उपकरणों के बीच इंटरपोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए नोकिया द्वारा इस मॉडल के लिए अनुमोदित अतिरिक्त उपकरण का ही प्रयोग करें। इस उपकरण के साथ अन्य उपकरणों की संगतता का पता लगाने के लिए निर्माता से संपर्क करें।

Bluetooth तकनीक का प्रयोग करने वाली सुविधाएँ अधिक बैटरी ऊर्जा मांगती हैं और बैटरी जीवन घटाती हैं।

एक Bluetooth संपर्क सेट अप करना

मेनू > *सेटिंग* > *संयोजकता* > *Bluetooth* चुनें और निम्न चरणों का पालन करें:

मेरे फोन का नाम चुनें और अपने फोन का नाम प्रविष्ट करें।

Bluetooth संयोजकता सक्रिय करने के लिए *Bluetooth* > *चालू* चुनें। बताता है कि Bluetooth सक्रिय है।

आपके फोन को एक ऑडियो अतिरिक्त उपकरण से जोड़ने के लिए, *ऑ. अति. उप. जोड़ें* और वह उपकरण चुनें जिससे आप जोड़ना चाहते हैं।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

सीमा के अंदर अपने फोन का किसी Bluetooth उपकरण से जोड़ी बनाने के लिए *जुड़े उपकरण* > *नया उपकरण जोड़ें* चुनें। प्राप्त उपकरण पर स्क्रॉल करें, और **जोड़ें** चुनें।

अपने फोन पर एक पासवर्ड (16 वर्णों तक) प्रविष्ट करें और अन्य Bluetooth उपकरण से जोड़ने की अनुमति दें।

यदि आप सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं, तो Bluetooth कार्यप्रणाली को बंद कर दें, या **मेरे फोन की दृष्टिगोचरता** को **छिपा हुआ** पर सेट करें। केवल उन व्यक्तियों से Bluetooth संचार स्वीकार करें, जिन पर आप विश्वास करते हों।

इंटरनेट से पी.सी. जोड़ना

बिना पी.सी. स्वीट सॉफ़्टवेयर के अपने संगत पीसी को इंटरनेट से कनेक्ट करने के लिए Bluetooth तकनीक का प्रयोग करें। यह आवश्यक है कि आपका फोन इंटरनेट पहुँच को समर्थित करने वाले सेवा प्रदाता को सक्रियकृत करे, और आपके पी.सी. को Bluetooth वैयक्तिक क्षेत्र नेटवर्क (PAN) समर्थित करना होगा। फोन के नेटवर्क एक्सेस बिंदु (NAP) सेवा से संबंध जोड़ने और आपके पी.सी. से जोड़ी बनाने के बाद, आपका फोन स्वतः ही इंटरनेट के लिए एक पैकैट डेटा संपर्क खोलता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

पैकेट डेटा

सामान्य पैकेट रेडियो सेवा (GPRS) एक ऐसी नेटवर्क सेवा है जो मोबाइल फोन को एक इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) आधारित नेटवर्क से डेटा भेजने और प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करती है।

इस सेवा का प्रयोग कैसे करना है, यह बताने के लिए **मेनू** > *सेटिंग* > *संयोजकता* > *पैकेट डेटा* > *पैकेट डेटा संपर्क* और निम्न विकल्पों में चुनें:

जब आवश्यक हो – जब किसी अनुप्रयोग को आवश्यकता हो, तब पैकेट डेटा संपर्क स्थापित करने के लिए। अनुप्रयोग समाप्त होने पर संपर्क बंद हो जाता है।

सदैव ऑनलाइन – जब आप फोन चालू करते हैं, तब स्वतः ही पैकेट डेटा नेटवर्क से जुड़ने के लिए

आप अपने फोन को Bluetooth तकनीक के जरिए किसी संगत पी.सी. से कनेक्ट कर उसका प्रयोग एक मॉडेम की तरह कर सकते हैं। ब्यौरे के लिए, नोकिया पी.सी. स्वीट दस्तावेज़ देखें।

■ कॉल और फोन

मेनू > *सेटिंग* > *कॉल* चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

आने वाली कॉल का अंतरण करने के लिए *कॉल अंतरण* (नेटवर्क सेवा) चुनें। ब्यौरे के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

कॉल जोड़ने के असफल प्रयास के बाद दस बार प्रयास करने के लिए *स्वतः पुनर्डायल* > *चालू* चुनें।

जब आप कॉल पर हों, तब नेटवर्क आपको आने वाली कॉल के लिए सूचित करे, इसके लिए *कॉल प्रतीक्षा* > *सक्रिय करें* चुनें।

आप जिस व्यक्ति को कॉल कर रहे हैं, उसे आपका नंबर दिखाई पड़े अथवा नहीं, यह सेट करने के लिए *मेरी कॉल. आईडी भेजना* (नेटवर्क सेवा) चुनें।

आपके फोन की प्रदर्शन भाषा सेट करने के लिए **मेनू** > *सेटिंग* > *फोन* > *भाषा सेटिंग* > *फोन भाषा* चुनें।

■ अतिरिक्त उपकरण

इस मेनू और इसके विभिन्न विकल्प तभी दिखाई देंगे जब फोन किसी संगत मोबाइल अतिरिक्त उपकरण से जुड़ा हुआ हो या जोड़ा जाए।

मेनू > *सेटिंग* > *अतिरिक्त उपकरण* चुनें। एक अतिरिक्त उपकरण और उपकरण के अनुसार एक विकल्प चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ संरूपण

आप अपने फोन को ऐसी सेटिंग से संरूपित कर सकते हैं जो कुछ सेवाओं के लिए आवश्यक होती है। आपका सेवा प्रदाता भी आपको वह सेटिंग भेज सकता है।

मेनू > *सेटिंग* > *संरूपण* और निम्न में चुनें:

प्राथमिक संरूपण सेटिंग – फोन में संग्रहित सेवा प्रदाता को देखने के लिए और एक प्राथमिक सेवा प्रदाता सेट करने के लिए।

सभी अनु. में प्रा. सक्रियन – समर्थित अनुप्रयोगों के लिए प्राथमिक संरूपण सेटिंग सक्रिय करने के लिए

वरीय एक्सेस बिंदु – रक्षित एक्सेस बिंदुओं को देखने के लिए

सहायता से संपर्क जोड़ें – अपने सेवा प्रदाता से संरूपण सेटिंग डाउनलोड करने के लिए

वैयक्तिक संरूपण सेटिंग – विभिन्न सेवाओं के लिए नए वैयक्तिक खाते मैन्युअल रूप से जोड़ने के लिए, और उन्हें सक्रिय करने और मिटाने के लिए। एक नया वैयक्तिक खाता जोड़ने के लिए, **जोड़ें** या **विकल्प** > *नया जोड़ें* चुनें। सेवा प्रकार चुनें, और आवश्यक मानदंड

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

प्रविष्ट करें। एक वैयक्तिक खाता सक्रिय करने के लिए, उस पर स्क्रॉल करें और **विकल्प** > *सक्रिय करें* चुनें।

■ फैक्ट्री सेटिंग वापस लाएँ

फोन को वापस फैक्ट्री स्थिति में वापस लाने के लिए **मेनू** > *सेटिंग* > *फैक्ट्री सेटिंग वापस लाएँ* और निम्न विकल्प में चुनें:

केवल सेटिंग वापस लाएँ – वैयक्तिक डेटा को हटाए बिना सभी प्राथमिकता सेटिंग को वापस लाने के लिए

सभी वापस लाएँ – सभी प्राथमिकता सेटिंग को वापस लाने और सभी वैयक्तिक डेटा, जैसे संपर्क, संदेशों, मीडिया फ़ाइलों और सक्रियन कुंजियों को मिटाने के लिए

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

10. ऑपरेटर मेनू

आपके नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के पोर्टल में पहुचें। अधिक जानकारी के लिए, अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें। ऑपरेटर इस मेनू का एक सेवा संदेश द्वारा अद्यतन कर सकता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

11. गैलरी

डिजिटल अधिकार प्रबंधन (DRM) संरक्षित विषय–वस्तु एक ऐसी संयुक्त सक्रियन कुंजी के साथ आती है जो विषय–वस्तु उपयोग करने के आपके अधिकारों को परिभाषित करती है।

यदि आपके उपकरण में OMA DRM–संरक्षित विषय–वस्तु है, तो सक्रियन कुंजी तथा विषय–वस्तु दोनों का बैकअप लेने के लिए नोकिया पी.सी. स्वीट की बैकअप सुविधा का प्रयोग करें। संभव है कि अन्य स्थानांतरण विधियाँ सक्रियन कुंजियों को स्थानांतरित न कर पाएँ, जिन्हें विषय–वस्तु के साथ वापस लाया जाना आवश्यक है ताकि उपकरण की स्मृति प्रारूपित होने के पश्चात आप OMA DRM–संरक्षित विषय–वस्तु का प्रयोग करने में सक्षम हो सकें। यदि आपके उपकरण पर स्थित फ़ाइलें दूषित हो गई हैं, तो इस स्थिति में भी आपको सक्रियन कुंजी वापस लाने की आवश्यकता पड़ सकती है।

आपका फोन प्राप्त विषय–वस्तु की सुरक्षा के लिए एक डिजिटल अधिकार प्रबंधन (DRM) प्रणाली को समर्थित करता है। किसी विषय–वस्तु तथा सक्रियण कुंजी को प्राप्त करने से पहले डिलीवरी

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

की शर्तों की जाँच कर लें, क्योंकि इसके लिए शुल्क देय हो सकता है।

फ़ोल्डर देखने के लिए **मेनू** > *गैलरी* चुनें।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

12. मीडिया

■ कैमरा और वीडियो

आपका उपकरण 1280x1024 पिक्सेल का आकृति लेने का रिज़ोल्यूशन समर्थित करता है।

एक चित्र लें

स्थिर आकृति कार्यप्रणाली का प्रयोग करने के लिए, कैमरा कुंजी दबाएँ, या यदि वीडियो कार्यप्रणाली ऑन हो, तो दाएँ या बाएँ स्क्रॉल करें। आकृति की फोटो लेने के लिए, कैमरा कुंजी दबाएँ।

कैमरा मोड में ज़ूम इन या आउट करने के लिए ऊपर या नीचे स्क्रॉल करें।

कैमरे को रात्रि मोड में सेट करने, स्वतः समयक चालू करने या तेज़ क्रम में आकृति लेने के लिए **विकल्प** और इच्छित विकल्प चुनें। पूर्वावलोकन मोड और समय सेट करने के लिए **विकल्प** > *सेटिंग* > *आकृति पूर्वावलोकन समय* चुनें।

एक वीडियो क्लिप रिकॉर्ड करें

वीडियो कार्यप्रणाली का प्रयोग करने के लिए, कैमरा कुंजी दबाए रखें। वीडियो रिकॉर्डिंग चालू करने के लिए कैमरा कुंजी दबाएँ।

आप किस लंबाई की वीडियो क्लिप बना सकते हैं, यह सेट करने के लिए **मेनू** > *मीडिया* > *कैमरा* > **विकल्प** > *सेटिंग* > *वीडियो क्लिप की अवधि* चुनें।

■ एफ़.एम. रेडियो

एफ़.एम. रेडियो वायरलेस एंटीना से अलग दूसरे एंटीना पर निर्भर करता है। एफ़.एम. रेडियो के ठीक से काम करने के लिए एक संगत हेडसेट या अतिरिक्त उपकरण को उपकरण से जोड़ना आवश्यक होता है।

चेतावनी: म्यूज़िक एक मध्यम स्तर पर सुनें। उच्च ध्वनि प्रबलता के लगातार संपर्क में रहने पर आपकी श्रवण शक्ति में कमी आ सकती है। जब लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा रहा हो, तब उपकरण को अपने कान के पास न पकड़ें, क्योंकि ध्वनि प्रबलता अत्यंत उच्च हो सकती है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

मेनू > *मीडिया* > *रेडियो* चुनें, या स्टैंडबाय मोड में * दबाए रखें।

यदि आपने पहले से रेडियो स्टेशन रक्षित किए हैं, तो स्टेशन के बीच स्विच करने के लिए बाएँ या दाएँ स्क्रॉल करें या वांछित स्टेशन के स्मृति स्थान की संगत नंबर कुंजियाँ दबाएँ.

निकट का स्टेशन खोजने के लिए, स्क्रॉल कुंजी दाएँ या बाएँ दबाए रखें।

आप जिस स्टेशन पर ट्यून हैं, उसे रक्षित करने के लिए **विकल्प** > *स्टेशन रक्षित करें* चुनें।

आपने जिस स्टेशन पर ट्यून किया हुआ है उसे रक्षित करने करने के लिए, चुनें **विकल्प** > *स्टेशन रक्षित करें.*

पृष्ठभूमि में रेडियो को बजाते रखने के लिए समाप्ति कुंजी दबाएँ। रेडियो बंद करने के लिए समाप्ति कुंजी को दबाए रखें।

■ ध्वनि रिकॉर्डर

जब डेटा कॉल या GPRS संपर्क सक्रिय हो, तब रिकॉर्डर का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

रिकॉर्डिंग प्रारंभ करने के लिए **मेनू** > *मीडिया* > *ध्वनि रिकॉर्डर* और प्रदर्शन पटल पर आभासी रिकॉर्ड बटन चुनें।

नवीनतम रिकॉर्डिंग सुनने के लिए **विकल्प** > *अंत. रिकार्ड बजाएँ* चुनें। मल्टीमीडिया संदेश का प्रयोग कर अंतिम रिकॉर्डिंग भेजने के लिए **विकल्प** > *अंतिम रिकॉर्ड भेजें* चुनें।

■ म्यूज़िक प्लेयर

आपके फोन में म्यूज़िक ट्रैक्स या अन्य एम.पी.3 या ए.ए.सी. ध्वनि फ़ाइलों को सुनने के लिए एक म्यूज़िक प्लेयर शामिल है। *गैलरी* > *म्यूज़िक फ़ाइलें* या रिकॉर्डिंग में रक्षित ध्वनि फ़ाइलें स्वतः ही दिख जाती हैं।

चेतावनी: म्यूज़िक एक मध्यम स्तर पर सुनें। उच्च ध्वनि प्रबलता के लगातार संपर्क में रहने पर आपकी श्रवण शक्ति में कमी आ सकती है। जब लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा रहा हो, तब उपकरण को अपने कान के पास न पकड़ें, क्योंकि ध्वनि प्रबलता अत्यंत उच्च हो सकती है।

मेनू > *मीडिया* > *म्यूज़िक प्लेयर* चुनें।

बजना प्रारंभ करने या ठहरने के लिए मध्य चयन कुंजी दबाएँ।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

वर्तमान ट्रैक के प्रारंभ में जाने के लिए, बाएँ स्क्रॉल करें।

पिछले ट्रैक में जाने के लिए, स्क्रॉल कुंजी को बायीं ओर दो बार दबाएँ।

अगले ट्रैक में जाने के लिए, दाएँ स्क्रॉल करें।

पीछे जाने के लिए स्क्रॉल कुंजी को बायीं ओर दबाए रखें।

तेज़ी से आगे जाने के लिए स्क्रॉल कुंजी को दायीं ओर दबाए रखें।

बजाते समय ध्वनि प्रबलता समायोजित करने के लिए नीचे या ऊपर स्क्रॉल करें।

प्लेयर की ध्वनि बंद या चालू करने के लिए, # दबाएँ।

पृष्ठभूमि में म्यूज़िक प्लेयर चलाते रखने के लिए समाप्ति कुंजी दबाएँ। म्यूज़िक प्लेयर बंद करने के लिए समाप्ति कुंजी दबाए रखें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

13. अनुप्रयोग

आपके फोन सॉफ़्टवेयर में कुछ ऐसे खेल तथा Java अनुप्रयोग शामिल हो सकते हैं जिन्हें विशेष रूप से नोकिया फोन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मेनू > *अनुप्रयोग* चुनें।

एक खेल या अनुप्रयोग प्रारंभ करने के लिए, *अनुप्रयोग* > *खेल* चुनें, या *संग्रह* चुनें। एक खेल या अनुप्रयोग पर स्क्रॉल करने के लिए **खोलें** चुनें।

खेल तथा अनुप्रयोग स्थापना करने के लिए उपलब्ध स्मृति की मात्रा देखने के लिए **विकल्प** > *स्मृति स्थिति* चुनें।

एक खेल या अनुप्रयोग डाउनलोड करने के लिए **विकल्प** > *डाउनलोड* > *खेल डाउनलोड* या *अनुप्रयोग डाउनलोड* चुनें। आपका फोन J2ME™ Java अनुप्रयोग समर्थित है। अनुप्रयोग डाउनलोड करने से पहले सुनिश्चित करें कि वह आपके फोन से संगत है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

महत्वपूर्ण: मात्र विश्वस्त स्रोतों से ही अनुप्रयोगों और सॉफ़्टवेयर को स्थापित करें, जैसे जो Symbian Signed या Java Verified™ परीक्षा उत्तीर्ण हो।

संभव है कि डाउनलोड किए गए अनुप्रयोग *अनुप्रयोग* के बजाए *गैलरी* में रक्षित हों।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

14. व्यवस्थापक

■ अलार्म घड़ी

मेनू > *व्यवस्थापक* > *अलार्म घड़ी* चुनें।

अलार्म चालू या बंद होना सेट करने के लिए *अलार्म:* चुनें। अलार्म के लिए समय सेट करने के लिए *अलार्म समय:* चुनें। फोन आपको सप्ताह के चयनित दिनों में चेतावनी दे, यह सेट करने के लिए *दोहराएँ:* चुनें। चेतावनी के दोहराव के लिए समय सीमा सेट करने के लिए *दोहराव समय सीमा:* चुनें।

अलार्म बंद करने के लिए **रोकें** चुनें। यदि आप अपने फोन को एक मिनट तक अलार्म ध्वनि करने देते हैं या **दोहराव** चुनते हैं, तो अलार्म दोहराव समय सीमा तक बंद होगा, और फिर चालू हो जाएगा।

■ कैलेंडर और कार्यसूची

मेनू > *व्यवस्थापक* > *कैलेंडर* चुनें। वर्तमान दिन पर एक फ्रेम आ जाता है। यदि उस दिन के लिए कोई लेख सेट किया है, तो वह दिन बड़ा दिखने लगता है।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

कैलेंडर लेख बनाने के लिए, तिथि पर स्क्रॉल करें, और **विकल्प** > *लेख बनाएँ* चुनें।

दिन का लेख देखने के लिए **देखें** चुनें। कैलेंडर के सभी लेख मिटाने के लिए, **विकल्प** > *लेख मिटाएँ* > *सभी लेख* चुनें।

कार्यसूची देखने के लिए **मेनू** > *व्यवस्थापक* > *कार्यसूची* चुनें। कार्यसूची प्रदर्शित की जाएगी और प्राथमिकता के क्रम पर छँटी होगी। कोई लेख जोड़ने, मिटाने या भेजने के लिए लेख को हो गया चिह्नित करें, या कार्यसूची को अंतिम तिथि के अनुसार छाँटें, और **विकल्प** चुनें।

15. वेब

आप अपने फोन ब्राउज़र के जरिए विभिन्न इंटरनेट सेवाओं में पहुँच सकते हैं। स्क्रीन आकार के अनुसार इंटरनेट पृष्ठों का रूप भिन्न हो सकता है। संभव है कि आप इंटरनेट पृष्ठों के सभी ब्यौरे न देख पाए।

महत्वपूर्ण: मात्र उन्हीं सेवाओं का प्रयोग करें जो हानिकारक सॉफ़्टवेयरों के खिलाफ़ पर्याप्त सुरक्षा और बचाव प्रदान करती हैं।

इन सेवाओं की उपलब्धता, कीमत और निर्देशों के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

आप ब्राउज़िंग के लिए आवश्यक संरूपण सेटिंग को अपने सेवा प्रदाता द्वारा संरूपण संदेश के जरिए प्राप्त कर सकते हैं।

सेवा सेट अप करने के लिए, **मेनू** > *वेब* > *वेब सेटिंग* > *संरूपण सेटिंग*, एक संरूपण और एक खाता चुनें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ एक सेवा से जुड़ें

सेवा से जुड़ने के लिए **मेनू** > *वेब* > *होम* चुनें; या स्टैंडबाय मोड में **0** दबाए रखें।

एक पृष्ठचिह्न चुनने के लिए, **मेनू** > *वेब* > *पृष्ठचिह्न* चुनें।

पिछला URL चुनने के लिए, **मेनू** > *वेब* > *पिछला वेब पता* चुनें।

एक सेवा का पता प्रविष्ट करने के लिए, **मेनू** > *वेब* > *पते पर जाएँ* चुनें। पता प्रविष्ट करें, और **ठीक** चुनें।

जब आप सेवा से संपर्क जोड़ लेते हैं, तब आप उसके पृष्ठों को ब्राउज़ करना प्रारंभ कर सकते हैं। फोन कुंजियों की कार्यप्रणालियाँ भिन्न–भिन्न सेवाओं के अनुसार बदल सकती हैं। फोन के प्रदर्शन पटल पर पाठ्य निर्देशिका का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

■ प्रकटीकरण सेटिंग

वेब ब्राउज़ करते समय **विकल्प** > *सेटिंग* चुनें। उपलब्ध विकल्पों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

प्रदर्शन पटल – यह चुनें कि अक्षर आकार क्या है, आकृति दिखाना है या नहीं, तथा पाठ्य किस तरह प्रदर्शित होना है।

सामान्य – वेब पतों को यूनिकोड (UTF-8), एक प्रकार की विषय–वस्तु कोडीकरण, के रूप में भेजना है या नहीं, तथा JavaScript सक्षम हो या नहीं, यह चुनें।

■ कैश स्मृति

कैश वह स्मृति स्थान होता है जिसमें डेटा का संग्रह अस्थायी रूप से होता है। यदि आपने ऐसी गोपनीय जानकारी में पहुंचने का प्रयास किया है, या पहुंचते हैं जिनमें पासवर्ड की आवश्यकता होती है, तो प्रयोग के बाद कैश स्मृति खाली कर दें। जिन जानकारियो और सेवाओं में आप पहुंचे हैं, वह कैश स्मृति में संग्रहित होती हैं।

ब्राउजिंग करते हुए कैश स्मृति खाली करने के लिए, **विकल्प** > *सेटिंग* > *कैश खाली करें* चुनें। फोन में कुकीज़ प्राप्त करने की अनुमति देने या रोकने के लिए, **मेनू** > *वेब* > *वेब सेटिंग* > *सुरक्षा* > *कुकीज़* चुनें; या ब्राउजिंग करते समय; **विकल्प** > *सेटिंग* > *सुरक्षा* > *कुकीज़*।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ ब्राउज़र सुरक्षा

कुछ सेवाओं के लिए सुरक्षा सुविधाओं की आवश्यकता हो सकती है, जैसे बैंकिंग सेवाएँ या ऑनलाइन खरीददारी। ऐसे संपर्क जोड़ने के लिए आपको सुरक्षा प्रमाणपत्र या संभवतः सुरक्षा मॉड्यूल की आवश्यकता पड़ती है, जो आपके सिम कार्ड में उपलब्ध रहता है। अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

सुरक्षा मॉड्यूल सेटिंग देखने या परिवर्तित करने के लिए, या प्राधिकारियों या प्रयोक्ता प्रमाणपत्रों की सूची अपने फोन पर डाउनलोड करने के लिए, **मेनू** > *सेटिंग* > *सुरक्षा* > *सुरक्षा मॉड्यूल सेटिंग*, *प्राधिकार प्रमाणपत्र*, या *प्रयोक्ता प्रमाणपत्र* चुनें।

महत्वपूर्ण: भले ही इन प्रमाणपत्रों के प्रयोग से दूरस्थ संपर्क जोड़ने और सॉफ़्टवेयर स्थापना का जोखिम उल्लेखनीय रूप से कम हो जाता है, फिर भी बढ़ी सुरक्षा का लाभ लेने के लिए इनका प्रयोग ठीक तरह से करना चाहिए। किसी प्रमाणपत्र की मौजूदगी स्वयं में कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करती; प्रमाणपत्र प्रबंधक के पास बढ़ी सुरक्षा की उपलब्धता का एक सही, प्रामाणिक, या विश्वस्त प्रमाणपत्र होना ज़रूरी है। प्रमाणपत्रों का जीवनकाल

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

सीमित होता है। भले ही प्रमाणपत्र मान्य होना चाहिए, पर यदि ''अवधि समाप्त प्रमाणपत्र'' या ''प्रमाणपत्र अब मान्य नहीं है'' दिखाई पड़े, तो जाँच करें कि आपके उपकरण की तिथि और समय सही है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

16. सिम सेवाएँ

संभव है कि आपका सिम कार्ड अतिरिक्त सेवाएँ प्रदान करे। यदि आपका सिम कार्ड इस मेनू को समर्थित करता है, तभी आप इसमें पहुँच सकते हैं। इस मेनू का नाम और विषय–वस्तु उपलब्ध सेवाओं पर निर्भर करती है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

17. बैटरी और चार्जर जानकारी

आपके उपकरण को एक रिचार्जेबल बैटरी से ऊर्जा प्राप्त होती है। इस उपकरण के साथ उपयोग की जाने वाली बैटरी है BL-4B। यह उपकरण उस स्थिति में उपयोग के लिए बनाया गया है जब इसे निम्नलिखित चार्जरों से ऊर्जा दी जाए: AC-3 या AC-6C। बैटरी सैकड़ों बार चार्ज और डिस्चार्ज की जा सकती है, लेकिन अंततः वह बेकार हो जाएगी। जब बातचीत समय और स्टैंडबाय समय सामान्य से काफ़ी कम होने लगें, तो बैटरी को बदल दें। केवल Nokia द्वारा स्वीकृत बैटरियों का उपयोग करें, और अपनी बैटरी को इस उपकरण के लिए निर्धारित किए गए Nokia स्वीकृत चार्जरों से ही रिचार्ज करें। अस्वीकृत बैटरी या चार्जर का उपयोग करने से आग, विस्फोट, रिसाव, या अन्य खतरे पैदा हो सकते हैं।

यदि बैटरी को पहली बार उपयोग किया जा रहा है या यदि बैटरी का काफी लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है, तो बैटरी की चार्जिंग आरंभ करने के लिए यह आवश्यक हो सकता है कि चार्जर को कनेक्ट किया जाए, फिर डिस्कनेक्ट किया जाए, और फिर वापस कनेक्ट किया जाए। यदि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज हो चुकी है, तो डिस्प्ले पर चार्जिंग का सूचक दिखाई देने या कॉल कर सकने तक कुछ मिनट का समय लग सकता है।

बैटरी निकालने से पहले हमेशा उपकरण को बंद कर दें और चार्जर से संपर्क हटा दें।

उपयोग न होने पर चार्जर को इलेक्ट्रिकल प्लग व उपकरण से अलग कर दें। पूरी तरह से चार्ज हो चुकी बैटरी को चार्जर से संयोजित की हुई स्थिति में न छोड़ें, क्योंकि अत्यधिक चार्जिंग से बैटरी का जीवनकाल घट सकता है। इस्तेमाल न किए जाने पर पूरी तरह चार्ज की हुई बैटरी का चार्ज समय के साथ साथ समाप्त हो जाता है।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

बैटरी को हमेशा 15°C और 25°C (59°F और 77°F) के बीच के तापमान पर रखने की कोशिश करें। अत्यधिक तापमान बैटरी की क्षमता और जीवनकाल को घटा देता है। गर्म या ठंडी बैटरी के साथ उपकरण शायद अस्थायी रूप से काम करना बंद कर सकती है। हिमांक से कम तापमान पर बैटरी की कार्यक्षमता खास तौर पर सीमित हो जाती है।

बैटरी को शॉर्ट सर्किट न करें। शॉर्ट सर्किटिंग दुर्घटनावश तब हो सकती है जब कोई धातु की वस्तु जैसे कोई सिक्का, क्लिप या पेन, बैटरी के धनात्मक (+) और ऋणात्मक (-) टर्मिनलों के बीच सीधे संयोजन का कारण बन जाए। ये बैटरी पर धातु की पट्टियों के समान दिखते हैं। उदाहरण के लिए यह तब हो सकता है जब आप अपने जेब या अपने बटुए में अतिरिक्त बैटरी ले कर चलें। टर्मिनलों की शॉर्ट सर्किटिंग से बैटरी या टर्मिनलों को संयोजित करने वाली वस्तु क्षतिग्रस्त हो सकती है।

बैटरियों को आग में न फेंकें क्योंकि उनमें विस्फोट हो सकता है। बैटरियाँ क्षतिग्रस्त होने पर भी उनमें विस्फोट हो सकता है। बैटरियों का निपटान स्थानीय कानूनों के अनुसार करें। जब भी संभव हो कृपया रीसाइकिल करें। घरेलू कचरे के साथ न फेंकें।

सेल या बैटरी को अलग अलग न करें, काटें नहीं, खोलें नहीं, दबाएँ नहीं, मोड़ें नहीं, विकृत न करें, उसमें छेद न करें, उसे फाड़ें नहीं। बैटरी में रिसाव होने की स्थिति में उससे निकलने वाले द्रव को त्वचा या आँखों के संपर्क में न आने दें। ऐसा रिसाव होने की स्थिति में तुरंत अपनी त्वचा व आँखों को पानी से धोएँ, या मेडिकल सहायता प्राप्त करें।

बैटरी में संशोधन, उसका पुनर्निर्माण या उसमें बाहरी वस्तुएँ घुसाने का प्रयास न करें, या उसे पानी या अन्य द्रवों में न डुबाएं, न ही उनके संपर्क में लाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

बैटरी के अनुचित उपयोग से आग, विस्फोट या अन्य खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। यदि उपकरण या बैटरी गिर जाते हैं, खास कर कठोर सतहों पर, और आपको लगता है कि बैटरी क्षतिग्रस्त हो गई है, तो उसका उपयोग जारी रखने से पहले जाँच के लिए उसे सर्विस सेंटर में ले जाएँ।

बैटरी को केवल उसी उद्देश्य के लिए उपयोग करें जिसके लिए उसे बनाया गया है। क्षतिग्रस्त चार्जर या बैटरी का कभी भी उपयोग न करें। अपनी बैटरी को छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

महत्वपूर्ण: बैटरी बातचीत समय या स्टैंडबाई समय केवल अनुमान भर हैं और ये सिग्नल की शक्ति, नेटवर्क स्थितियों, उपयोग की जा रही सुविधाओं, बैटरी की उम्र और स्थिति, बैटरी जिस तापमान में रखी जा रही है उन तापमानों, डिजिटल मोड में उपयोग, और अन्य कई घटकों पर निर्भर करते हैं। वह समयावधि जिसके दौरान उपकरण का उपयोग कॉल करने के लिए किया जाता है, वह उसके स्टैंडबाई समय को प्रभावित करती है। इसी तरह जिस समयावधि के दौरान उपकरण को ऑन और स्टैंडबाई मोड में रखा जाता है, वह उसके बातचीत समय को प्रभावित करती है।

■ Nokia बैटरी प्रमाणीकरण दिशानिर्देश

अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा असली Nokia बैटरियों का ही उपयोग करें। यह जाँचने के लिए कि आपको असली Nokia बैटरी ही मिल रही है, बैटरी को अधिकृत Nokia डीलर से ही खरीदें, और निम्नलिखित चरणों का पालन करते हुए होलोग्राम लेबल की जाँच करें:

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

इन उपायों को सफलतापूर्वक करने पर भी बैटरी की प्रामाणिकता को पूर्ण रुप से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। यदि आपके पास यह मानने का कोई कारण हो कि आपकी बैटरी अधिकृत Nokia बैटरी नहीं है तो आप उसका उपयोग न करें। यदि प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं होती है, तो जहाँ से बैटरी खरीदी है वहाँ वापस लौटा दें।

होलोग्राम प्रमाणित करें

1. लेबल पर होलोग्राम को देखते समय आपको एक कोण से Nokia का जुड़ते हुए हाथों का निशान और दूसरे कोण से Nokia ओरिजिनल एन्हांसमेंट लोगो दिखना चाहिए।

2. होलोग्राम को बाएँ, दाएँ, नीचे व ऊपर से देखने पर आपको प्रत्येक ओर क्रमश: 1, 2, 3 तथा 4 बिंदु नज़र आने चाहिए।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

यदि आपकी बैटरी अधिकृत न हो तो क्या होगा?

यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि लेबल पर होलोग्राम वाली आपकी Nokia बैटरी अधिकृत Nokia बैटरी नहीं है, तो कृपया बैटरी का उपयोग न करें। ऐसी किसी बैटरी का उपयोग खतरनाक हो सकता है जो निर्माता द्वारा स्वीकृत नहीं है, और इसके फलस्वरूप आपके उपकरण और उसके अतिरिक्त उपकरणों की कार्यक्षमता में कमी हो सकती है या उन्हें क्षति पहुँच सकती है। इसके कारण उपकरण पर लागू कोई स्वीकृति या वारंटी भी अमान्य हो सकती है।

असली Nokia बैटरियों के बारे में जानने के लिए www.nokia-asia.com/batterycheck पर भेंट करें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

18. अतिरिक्त उपकरण

अतिरिक्त उपकरणों की नई विस्तृत श्रेणी आपके फ़ोन के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कृपया www.nokia-asia.com/enhancement का अवलोकन करें।

अतिरिक्त उपकरणों की उपलब्धता के लिए, कृपया अपने स्थानीय विक्रेता से पूछें। सहायक व अतिरिक्त उपकरणों के बारे में कुछ व्यावहारिक नियमों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

- छोटे बच्चों की पहुँच से इन अतिरिक्त उपकरणों को दूर रखें।
- जब भी आप किसी सहायक व अतिरिक्त उपकरण की पॉवर कॉर्ड डिस्कनेक्ट करें, तो प्लग को पकड़ कर बाहर निकालें, कॉर्ड को नहीं।
- नियमित रूप से जाँचें कि आपके वाहन में सभी अतिरिक्त उपकरण उचित रूप से माउंट किए गए और कार्यरत हैं।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

फ़ोन निर्माता द्वारा स्वीकृत बैटरियों, चार्जर, और अतिरिक्त उपकरणों का उपयोग करें। अन्य किसी भी प्रकार का उपयोग फ़ोन पर लागू किसी भी स्वीकृति या वारंटी को अमान्य कर सकता है, और खतरनाक हो सकता है।

■ बैटरी

प्रकार	टॉकटाइम#	स्टैंडबाय#
BL-4B	2 घंटे 29 मिनटों तक	336 घंटे तक

प्रचालन समय में परिवर्तन सिम कार्ड, नेटवर्क और उपयोग सेटिंग, उपयोग शैली और वातावरण के आधार पर परिवर्तनीय हो सकता है।

■ Nokia Bluetooth हेडसेट BH-101

यदि आप परिवार और दोस्तों के साथ संपर्क में बने रहना चाहते हैं लेकिन साथ ही व्यस्त भी रहना चाहते हैं, तो Nokia Bluetooth हेडसेट BH-101 आपके लिए ही है। प्रयोग में आसान और पहनने में सुविधापूर्ण, चौकस, हल्के डिज़ाइन के और श्रम–दक्षता की दृष्टि से

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

समायोजन—योग्य ईयरलूप के साथ। इसके कुशल ऊर्जा प्रबंधन से आप अपने पूरे दिन हैंड्स—ऑन और हस्तमुक्त बने रहे सकते हैं।

■ Nokia मिनि स्पीकर्स MD-6

यदि आप गति के समय पूर्ण स्टीरियो ध्वनि का आनंद लेना चाहते हैं, तो Nokia मिनि स्पीकर्स MD-6 आपके ही लिए है। यह नवाचारी डिज़ाइन पोर्टेबिलिटी और बेहतरीन ध्वनि को एक साथ एक जेब के आकार के जितने स्पीकर सिस्टम में रख देता है। अंतर्निर्मित केबल प्रबंधन और एफएम रेडियो जोड़ें और आपके पास साफ़—सुथरा छोटा पैकेज हो जाएगा।

■ Nokia स्टीरियो हेडसेट HS-47

एक स्वचालित म्यूट कार्यप्रणाली जब इन स्टीरियो हेडफ़ोन पर कॉल प्राप्त करती है, तो सुनिश्चित करती है कि आपसे कुछ भी न छूटे।

■ Nokia मोबाइल चार्जर DC-4

सरल और संकुचित, यह मोबाइल फ़ोन चार्जर कार के सिगरेट लाइटर सॉकेट से तीव्र फ़ोन चार्जिंग पेश करता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

देखभाल व रखरखाव

आपका उपकरण श्रेष्ठतर डिज़ाइन व कारीगरी का उत्पाद है और उसकी साज संभाल नज़ाकत के साथ की जानी चाहिए। नीचे दिए सुझाव आपको अपने वारंटी आवरण को सुरक्षित रखने में मदद करेंगे।

- उपकरण को शुष्क रखें। वर्षा, आर्द्रता और सभी प्रकार के द्रवों या नमी में ऐसे खनिज हो सकते हैं जिनके कारण इलेक्ट्रॉनिक सर्किट में ज़ंग लग सकता है। यदि आपका उपकरण भीग जाती है, तो बैटरी को निकाल लें, और उपकरण को पूरी तरह सूखने देने के बाद ही बैटरी वापस लगाएँ।
- धूल भरे व गंदे स्थानों पर उपकरण का न उपयोग करें न ही उसे रखें। उसके कलपुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
- उपकरण को गर्म स्थानों पर न रखें। उच्च तापमान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की उम्र कम कर सकता है, बैटरियों को क्षतिग्रस्त कर सकता है, और कुछ तरह के प्लास्टिक्स को मरोड़ या पिघला सकता है।
- उपकरण को ठंडे स्थानों पर न रखें। जब ठंडी होने पर उपकरण का तापमान सामान्य होता है, तो उपकरण के भीतरी भाग पर नमी जम जाती है और इलेक्ट्रॉनिक सर्किट बोर्ड को क्षतिग्रस्त कर देती है।
- मार्गदर्शिका के निर्देशों के अलावा किसी और तरीके से उपकरण को खोलने की कोशिश न करें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- उपकरण को गिराएँ, टकराएँ या हिलाएँ नहीं। सख़्ती से उपयोग करने पर अंदरूनी सर्किट बोर्ड और नाज़ुक यंत्र टूट सकते हैं।
- उपकरण को धोने के लिए कठोर रसायन, सफ़ाई के सॉल्वेंट, या कड़े डिटर्जेंट का उपयोग न करें।
- उपकरण पर रंग न लगाएँ। रंग उपकरण के चलने वाले पुर्जों को अवरुद्ध कर सकता है और उसके सामान्य उपयोग को रोक सकता है।
- किसी भी लेंस, जैसे कैमरा, प्रॉक्ज़िमिटी सेंसर, या लाइट सेंसर लेंस को साफ़ करने के लिए एक कोमल, स्वच्छ व सूखे कपड़े का उपयोग करें।
- केवल साथ में दिया गया या कोई स्वीकृत बदली एंटेना इस्तेमाल करें। उपकरण में अनाधिकृत एंटेना, संशोधन, या अटैचमेंट लगाने पर उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकता है और इससे रेडियो उपकरणों को अभिशासित करने वाले कानूनों का उल्लंघन हो सकता है।
- चार्जरों का बाहर खुले में उपयोग न करें।
- आप जिस डेटा को संभाल कर रखना चाहते हैं, जैसे संपर्क और कैलेंडर लेख, उनका हमेशा एक बैकअप ले कर रखें।
- समय समय पर अधिकतम कार्यकुशलता के लिए उपकरण को रिसेट करने के लिए उपकरण की ऊर्जा बंद करके बैटरी को निकाल दें।

ये सुझाव आपके उपकरण, बैटरी, चार्जर, या किसी अतिरिक्त उपकरण पर समान रूप से लागू होते हैं। यदि कोई भी उपकरण ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है, तो उसे दुरुस्ती के लिए नज़दीकी अधिकृत सेवा सुविधा के पास ले जाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अतिरिक्त सुरक्षा जानकारी

■ छोटे बच्चे

आपके उपकरण और उसके अतिरिक्त उपकरण में छोटे छोटे कलपुर्जे हो सकते हैं। उन्हें छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

■ परिचालन वातावरण

यह उपकरण सामान्य उपयोग के दौरान कान के पास रखने की स्थिति में या शरीर से कम से कम 2.2 सेंटीमीटर (7/8 इंच) दूर रखने की स्थिति में RF संपर्क मार्गनिर्देशों का अनुपालन करता है। जब शरीर के साथ रख कर उपकरण के उपयोग के लिए केस, बेल्ट क्लिप या होल्डर का उपयोग किया जाता है, तो इन चीज़ों में धातु नहीं होनी चाहिए और इनके द्वारा उपकरण को आपके शरीर से उपरोक्त दूरी पर रखा जाना चाहिए। डेटा फ़ाइलें और संदेश भेजने के लिए इस उपकरण को नेटवर्क से एक बेहतर संयोजन की आवश्यकता होती है। कुछ मामलों में ऐसा संयोजन प्राप्त होने तक डेटा फ़ाइलों व संदेशों का प्रेषण देरी से हो सकता है। सुनिश्चित करें कि प्रेषण के पूरा होने तक उपरोक्त दूरी संबंधी निर्देशों का पालन किया जाए।

उपकरण के कुछ हिस्से चुंबकीय हैं। धातुवीय विषय—वस्तु उपकरण के प्रति आकर्षित हो सकती है। क्रेडिट कार्ड या अन्य चुंबकीय भंडारण मीडिया उपकरण पास न रखें, क्योंकि उनमें भंडारित जानकारी मिट सकती है।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ वाहन

RF सिग्नल मोटर वाहनों में अनुचित रूप से स्थापित या अपर्याप्त रूप से रक्षित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टमों को प्रभावित कर सकते हैं, जैसे इलेक्ट्रॉनिक फ़्यूल इंजेक्शन सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक एन्टीसिक्ड (एन्टीलॉक) ब्रेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक गतिनियंत्रण सिस्टम और एयर बैग सिस्टम इत्यादि। अधिक जानकारी के लिए आपके वाहन या किसी भी अतिरिक्त उपकरण के निर्माता या उसके प्रतिनिधि से पूछें।

केवल किसी योग्य कर्मचारी ने ही उपकरण की दुरुस्ती करनी चाहिए या किसी वाहन में उपकरण का संस्थापन करनी चाहिए। त्रुटिपूर्ण संस्थापन या दुरुस्ती खतरनाक हो सकती है और उपकरण पर लागू किसी भी वारंटी को अमान्य कर सकती है। नियमित रूप से जाँचें कि आपके वाहन में सभी वायरलेस उपकरण उचित रूप से माउंट किए गए हैं और कार्यरत हैं। जिस कंपार्टमेंट में उपकरण, उसके भाग या अतिरिक्त उपकरण हों, उसमें ज्वलनशील द्रव, गैसें, या विस्फोटक विषय–वस्तु न रखें। एयर बैग से सुसज्जित वाहनों में याद रखें कि एयर बैग अत्यधिक तीव्रता से फूलते हैं। एयर बैग के ऊपर के हिस्से में या एयर बैग के फूलने के सीमा क्षेत्र में स्थापित या पोर्टेबल वायरलेस उपकरण सहित कोई भी वस्तु न रखें। यदि वाहन में वायरलेस उपकरण को अनुचित रूप से संस्थापित है और एयरबैग फूलता है, तो परिणाम स्वरूप गंभीर चोटें आ सकती हैं।

विमान में उड़ते समय अपने उपकरण का उपयोग करना प्रतिबंधित है। विमान में जाते समय अपना उपकरण बंद कर दें। विमान में वायरलेस टेलिउपकरणों का उपयोग विमान के ऑपरेशन के लिए खतरनाक हो सकता है, उससे वायरलेस टेलिफ़ोन नेटवर्क खराब हो सकता है, और यह गैर कानूनी हो सकता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ चिकित्सकीय उपकरण

वायरलेस फ़ोन सहित किसी भी रेडियो प्रसारण उपकरण के ऑपरेशन से अपर्याप्त रूप से रक्षित चिकित्सकीय उपकरणों की कार्यक्षमता में व्यवधान उत्पन्न हो सकती है। आपके कोई प्रश्न हों तो किसी फ़िज़िशियन या चिकित्सकीय उपकरण के निर्माता से पूछें और उनसे पता लगाएँ कि ये उपकरण बाहरी RF ऊर्जा से पर्याप्त रूप से रक्षित हैं या नहीं। स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं में अपना उपकरण बंद कर दें यदि वहाँ मौजूद नियमों में आपसे ऐसा करने के लिए कहा गया हो। अस्पतालों व स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं में ऐसे उपकरणों का उपयोग हो सकता है जो बाहरी RF ऊर्जा के प्रति संवेदनशील हों।

निरोपित चिकित्सा उपकरण

चिकित्सकीय उपकरणों के निर्माता यह सलाह देते हैं कि वायरलेस उपकरण और किसी निरोपित चिकित्सकीय उपकरण, जैसे पेसमेकर या निरोपित कार्डियोवर्टर डिफ़िब्रि लेटर, के बीच कम से कम 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी बना कर रखी जानी चाहिए ताकि चिकित्सकीय उपकरण में संभावित व्यवधान से बचा जा सके। जिन व्यक्तियों के पास ऐसे उपकरण हैं उन्हें:

- वायरलेस उपकरण चालू स्थिति में होने पर हमेशा वायरलेस उपकरण को निरोपित चिकित्सकीय उपकरण से कम से 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी पर रखना चाहिए।
- वायरलेस उपकरण को अपनी कमीज़ की ज़ेब में नहीं रखना चाहिए।
- व्यवधान की संभावना को न्यूनतम करने के लिए वायरलेस उपकरण को चिकित्सकीय उपकरण के विपरीत ओर वाले कान के पास पकड़ें।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- यदि यह शक करने का कोई भी कारण हो कि कोई व्यवधान हो रहा है तो वायरलेस उपकरण फौरन बंद कर दें।
- निरोपित चिकित्सकीय उपकरण के निर्माता द्वारा दिए गए निर्देशों को पढ़ें और उनका पालन करें।

यदि आपके वायरलेस उपकरण को किसी निरोपित चिकित्सकीय उपकरण के साथ उपयोग करने के बारे में आपके मन में कोई भी प्रश्न हो, तो अपने स्वास्थ्य प्रदाता से संपर्क करें।

श्रवण यंत्र

कुछ डिजिटल वायरलेस उपकरण कुछ श्रवण यंत्रों के साथ व्यवधान पैदा कर सकते हैं। व्यवधान होने पर अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

■ संभावित विस्फोटक परिवेश

जब आप किसी संभावित रूप से विस्फोटक वातावरण में हों तो अपना उपकरण बंद कर दें और सभी संकेतों व निर्देशों का पालन करें। अत्यधिक विस्फोटक वातावरण में वे क्षेत्र शामिल हैं जहाँ सामान्य तौर पर आपको अपना इंजन बंद करने की सलाह दी जाती है। ऐसे स्थानों में चिंगारी भी विस्फोट या आग का कारण बन सकती है जिससे शारीरिक चोट या मृत्यु तक हो सकती है। ईंधन भरने की सुविधाओं जैसे गैस स्टेशन या पेट्रोल पंपों के पास उपकरण को बंद कर दें। ईंधन डिपो, भंडार, और वितरण क्षेत्रों में, रासायनिक संयंत्रों में, या जहाँ ब्लास्टिंग जारी हो ऐसे स्थानों पर रेडियो उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध का पालन करें। अत्यधिक विस्फोटक वातावरण वाले स्थान अक्सर स्पष्ट रूप से चिह्नित होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं। ऐसे स्थानों में शामिल हैं नौकाओं में डेक का निचला हिस्सा,

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

रासायनिक स्थानांतरण या भंडारण सुविधाएँ और ऐसे क्षेत्र जहाँ हवा में रसायन या अन्य कण जैसे अनाज, धूल, या धातु का पाउडर आदि होते हैं। आपको द्रवित पेट्रोलियम गैस या एलपीजी (जैसे प्रोपेन या ब्यूटेन) उपयोग करने वाले वाहनों के निर्माताओं से बात करके यह निर्धारित करना चाहिए कि यह उपकरण उनके आसपास सुरक्षापूर्वक इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं।

■ आपातकालीन कॉल

महत्वपूर्ण: यह उपकरण रेडियो सिग्नलों, वायरलेस नेटवर्कों, लैंडलाइन नेटवर्कों और उपयोगकर्ता-प्रोग्राम कार्यों की सहायता से काम करता है। यदि आपका उपकरण इंटरनेट पर वॉइस कॉल (इंटरनेट कॉल) का समर्थन करता है, तो इंटरनेट कॉल और सेल्यूलर फोन दोनों को सक्रिय कर दें। यदि दोनों सक्रिय हैं, तो उपकरण सेल्यूलर नेटवर्कों और आपके इंटरनेट कॉल प्रदाता दोनों के द्वारा आपातकालीन कॉल का प्रयास करेगा। सभी परिस्थितियों में संयोजन की गारंटी नहीं दी जा सकती। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों जैसे आवश्यक संचार के लिए आपको कभी भी किसी वायरलेस उपकरण पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहिए।

आपातकालीन कॉल करने के लिए:

1. यदि उपकरण चालू नहीं है, तो उसे चालू करें। पर्याप्त सिग्नल सामर्थ्य की जाँच करें। आपके उपकरण पर निर्भर करते हुए आपको निम्नलिखित को भी पूरा करना पड़ सकता है:

   - यदि आपका उपकरण सिम कार्ड का उपयोग करता है तो सिम कार्ड डालें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- उन कुछ कॉल प्रतिबंधों को निकाल दें जो आपने अपने उपकरण में सक्रिय किए हैं।
- अपने प्रोफ़ाइल को ऑफ़लाइन या फ़्लाइट प्रोफ़ाइल मोड से सक्रिय प्रोफ़ाइल में बदल लें।

2. डिस्प्ले को साफ़ करने के लिए जितनी बार आवश्यक हो समाप्ति कुंजी दबाएँ और उपकरण को कॉल के लिए तैयार करें।
3. आपके मौजूदा स्थान के लिए आधिकारिक आपातकालीन नंबर दर्ज करें। आपातकालीन नंबर स्थान के अनुसार अलग अलग हो सकते हैं।
4. कॉल कुंजी दबाएँ।

आपातकालीन कॉल करते समय सारी आवश्यक जानकारी अधिक से अधिक सटीकता के साथ दें। किसी दुर्घटना के स्थान पर आपका वायरलेस उपकरण संचार का एकमात्र साधन हो सकता है। अनुमति दिए जाने तक कॉल समाप्त न करें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ प्रमाणन जानकारी (SAR)

यह मोबाइल उपकरण रेडियो तरंगों से संपर्क के दिशानिर्देशों का पालन करता है।

आपका मोबाइल उपकरण एक रेडियो ट्रांसमिटर व रिसीवर भी है। यह इस तरह बनाया गया है ताकि यह अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देशों द्वारा अनुशंसित रेडियो तरंगों से संपर्क की सीमाओं को पार न करे। यह दिशानिर्देश स्वतंत्र वैज्ञानिक संगठन ICNIRP द्वारा तैयार किए गए थे और इनमें वे सुरक्षा सीमाएँ शामिल हैं जो उम्र व स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं।

मोबाइल उपकरणों के एक्सपोज़र दिशानिर्देश मापन की एक इकाई का उपयोग करते हैं जिसे विशिष्ट अवशोषण दर या SAR के नाम से जाना जाता है। ICNIRP दिशानिर्देशों में वर्णित SAR सीमा 2.0 वॉट/किलोग्राम (W/kg) है जो 10 ग्राम टिशू के औसत के आधार पर निर्धारित की गई है। SAR के लिए परीक्षण मानक परिचालन स्थितियों में किए जाते हैं जहाँ उपकरण सभी परीक्षित फ्रीक्वेंसी बैंड्स में उसके उच्चतम प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर संप्रेषण करती है। किसी परिचालित उपकरण का वास्तविक SAR स्तर अधिकतम मान से कम हो सकता है क्योंकि उपकरण केवल नेटवर्क तक पहुँचने के लिए आवश्यक पॉवर का उपयोग करने के लिए बनाया गया है। आप नेटवर्क बेस स्टेशन से कितने करीब हैं इसके जैसे कई घटकों पर निर्भर करते हुए यह मात्रा परिवर्तित हो सकती है। कान के पास उपकरण के उपयोग के लिए तय ICNIRP मार्गनिर्देशों के तहत उच्चतम SAR मान 0.82 W/kg है।

उपकरण के सहायक व अतिरिक्त उपकरणों के उपयोग के परिणामस्वरूप भिन्न SAR मान हो सकते हैं। SAR मान राष्ट्रीय रिपोर्टिंग और परीक्षण आवश्यकताओं और नेटवर्क बैंड पर निर्भर करते हुए अलग अलग हो सकते हैं। अतिरिक्त SAR जानकारी www.nokia.com पर उत्पाद जानकारी के तहत उपलब्ध कराई जा सकती है।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अनुक्रमणिका

N

Nokia Bluetooth हेडसेट BH-101 70
Nokia मोबाइल चार्जर DC-4 71
Nokia मिनि स्पीकर्स MD-6 71
Nokia स्टीरियो हेडसेट HS-4771

अ

अतिरिक्त उपकरण 69

ए

एक्सेस कोड 10

क

कुंजीपटल लॉक 16
कॉल 18

प

पाठ्य प्रविष्टि 20
पासवर्ड 10

ब

बैटरी 70
    स्थापना 11
    चार्ज करना 12
बैटरी चार्ज करें 12

ल

लाउडस्पीकर 18

स

सिम कार्ड स्थापना 11
स्टैंडबाई मोड 15

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

हिन्दी पाठ्य लेखन

यह फोन हिन्दी में संदेश भेजने और पाने में सक्षम है। यह एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। कृपया अपने नेटवर्क ऑपरेटर से इस सुविधा की उपलब्धता के बारे में पूछें।

■ लेखन की भाषा सेट करना

पाठ्य संदेश लिखते समय यूजर इंटरफेस की भाषा कोई भी होने पर भी हिन्दी भाषा का चयन किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए **विकल्प** > *लेखन भाषा* चयन करें। हिन्दी भाषा चुनने के लिए एरो (तीर) कुंजियों का इस्तेमाल करें और *चयन करें* दबाएँ।

या फिर जब आप एडीटर में हों तब हिन्दी भाषा चयन करने के लिए ***#*** को दबाकर रखें। ***#*** को दबाये रखने से फोन पर चयन करने की सूची प्रदर्शित होगी। इस सूची में दिये गये विकल्प:

- लैटिन संख्या मोड सक्रियन
- लेखन भाषा का चयन

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

हिन्दी अक्षर तीन प्रकार से हैं:

- केवल स्वर, उदाहरण के लिए **अ**, **आ**, **इ**, **ई**, **उ**, **ऊ**
- एक स्वर और एक व्यंजन का मिश्रण, उदाहरण के लिए **ग**, **तु**
- अनेक व्यंजनों का मिश्रण, उदाहरण के लिए **ज्ञ**, **श्र**

जब आप हिन्दी इनपुट का प्रयोग करते हुए पाठ्य लिखते हैं तो संकेतक **अ आ इ** डिस्प्ले के बाईं तरफ ऊपर की ओर दिखाई देता है। आप अंग्रेजी पाठ्य लेखन, अंक लेखन और हिन्दी पाठ्य लेखन बदलकर, हिन्दी पाठ्य के साथ अंग्रेजी पाठ्य और अंक जोड़ सकते हैं।

■ # कुंजी का अनुप्रयोग

के प्रयोग से आप एडीटर में रहते हुए हिंदी और अंग्रेजी अक्षरों के बीच आ-जा सकते हैं। लेखन भाषा हिन्दी होने पर भी आप अंग्रेजी में संदेश लिख सकते हैं।

आप हिन्दी और अंग्रेजी अक्षरों को जोड़ कर संदेश बना सकते हैं। विभिन्न पाठ्य लेखन को जल्दी-जल्दी बदलने के लिए ***#*** का इस्तेमाल करें। अगर हिन्दी पाठ्य लेखन का चयन करेंगे तो हर बार जल्दी-जल्दी ***#*** दबाने पर फोन पाठ्य लेखन के विभिन्न मोडों से जाता है:

- लैटिन अपर केस मोड **ABC**
- लैटिन लोअर केस मोड **abc**

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- लैटिन नंबर मोड **123**
- हिन्दी पाठ्य लेखन **अ आ इ**

लगातार दबाने से अंग्रेजी T9 शब्दकोश उपलब्ध नहीं होती।

अगर आप अंग्रेजी T9 शब्दकोश इस्तेमाल करना चाहते हैं तो अंग्रेजी को लेखन भाषा में चयन करें। अंग्रेजी भाषा के चयन के लिए **#** दबाकर रखें और *अंग्रेजी* चयन करें। आप अंग्रेजी T9 शब्दकोश इस्तेमाल कर सकते हैं।

■ हिन्दी कुंजीपटल

हिन्दी भाषा के अक्षरों की संख्या के लिए **0** से **9** तक की कुंजियाँ पर्याप्त नहीं। कुंजियाँ और उन पर उपलब्ध अक्षरों की सूची नीचे दी गई है:



कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

कुंजी	**प्रयुक्त अक्षर** (कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ)												
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	◌ँ	◌ं	◌ः	◌र्	◌्र	◌्	1	।	.	,	?	!	
2	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	2					
2¤	◌ा	◌ि	◌ी	◌ु	◌ू	◌ृ	2						
3	ए	ऐ	ऍ	ओ	औ	ऑ	3						
3¤	◌े	◌ै	◌ॅ	◌ो	◌ौ	◌ॉ	3						
4	क	ख	ग	घ	ङ	4	क़	ख़	ग़				
5	च	छ	ज	झ	ञ	5	ज़						
6	ट	ठ	ड	ढ	ण	6	ड़	ढ़					
7	त	थ	द	ध	न	7	ऩ						
8	प	फ	ब	भ	म	8	फ़						
9	य	र	ल	ळ	व	श	ष	स	ह	9	ऱ	ऴ	य़
0	␣	0	↵										

जब आप **1** का प्रयोग करते हैं, तो हलंत और रकार, केवल व्यंजन के बाद उपलब्ध होते हैं, जबकि रेफ व्यंजन या मात्रा सहित व्यंजन के बाद उपलब्ध होता है।रुपांतरक (चंद्रबिंदु, अनुस्वार और विसर्ग) व्यंजन, स्वरों, और मात्राओं के बाद उपलब्ध होते हैं। **2**¤ तथा **3**¤ की मात्राओं का प्रयोग किसी व्यंजन को लिखने के बाद ही हो सकता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ अक्षर लेखन

1. जब कर्सर ब्लिंक कर रहा हो तब आप अक्षर लिख सकते हैं।
2. स्वतंत्र स्वर या मात्रायें उनके पहले आए अक्षर के आधार पर **2** और **3** द्वारा लिखी जा सकती हैं।
    - जहाँ लिखना है अगर उससे पहले वाला अक्षर व्यंजन है तो यह कुंजी मात्रा लिखेगी। उदाहरण के लिए:
        - अगर आप **ज** लिखते हैं (**5** को तीन बार दबाएँ) और फिर **2** को एक बार दबाते हैं तो पाठ्य **जा** मिलता है।
        - अगर आप **ज** लिखते हैं (**5** को तीन बार दबाएँ) और फिर **3** को एक बार दबाते हैं तो पाठ्य **जे** मिलता है।
    - अन्य सभी स्थितियों में, ये कुंजियाँ स्वतंत्र स्वर देती हैं:
        - अगर आप दो अक्षरों के बीच जगह छोड़ना चाहते हैं (**0** को एक बार दबाएँ) और फिर **2** को एक बार दबायेंगे तो पाठ्य (खाली जगह) **अ** मिलता है।
        - अगर आप **जे** लिखते हैं (**5** तीन बार और **3** एक बार) और फिर **2** एक बार दबायेंगे तो पाठ्य **जेअ** मिलता है।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

3. अगर आप व्यंजन के बाद एक स्वतंत्र स्वर लिखना चाहते हैं, तो स्वर लिखने से पहले * दबाएँ, (**2** और **3** का इस्तेमाल करते हुए)।

4. व्यंजन वर्गों को **4** से **9** में संजोया गया है।

5. दो अक्षरों के बीच जगह छोड़ने के लिए **0** को दबाएँ।

6. **1** कुंजी हिन्दी के विशिष्ट चिन्हों के लिए है। चंद्रबिंदु, अनुस्वार, विसर्ग, रेफ, रकार और हलंत के लिए इसे दबाएँ।

◌ँ ◌ं ◌ः	चंद्रबिन्दु, अनुस्वार और विसर्ग
◌र्‍ ◌्र ◌्	रेफ, रकार और हलंत

- अगर आप स्वर **अं** या **अः** लिखना चाहते हैं तो:

इस पाठ्य को लिखने के लिए	**कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ (गुणा के चिन्ह के बाद दिया अंक दर्शाता है कि किस कुंजी को कितनी बार दबाया जाए)**
अं	**2** x 1 **1** x 2
अः	**2** x 1 **1** x 3

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

7. **4** से **9** दबाने पर आप नुक्ता व्यंजन लिख सकते हैं। लैटिन आंकड़ों के बाद नुक्ता व्यंजन आते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आप **क़** लिखना चाहते हैं तो **4** को सात बार दबाएँ, ऐसे ही अगर आप **फ़** लिखना चाहते हैं तो **8** को सात बार दबाएँ।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	**कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ (गुणा के चिन्ह के बाद दिया अंक दर्शाता है कि किस कुंजी को कितनी बार दबाया जाए)**
क़	**4** x 7
फ़	**8** x 7
ज़	**5** x 7
ख़	**4** x 8
ड़	**6** x 7
ग़	**4** x 9
ढ़	**6** x 8

8. अपने पाठ्य संदेश में **0** से **9** तक कोई भी अंक लिखने के लिए, इन अंकों की कुंजियों को दबा कर रखें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ अक्षर मिटाना

पाठ्य या अक्षर हटाने के लिए निम्नलिखित तरीकों का इस्तेमाल करें।

- किसी शब्द को हटाने के लिए कर्सर को शब्द के अंत में रखें और **मिटाएँ** कुंजी बारबार तब तक दबाएँ जब तक पूरा शब्द न हट जाए।
- किसी खास अक्षर को हटाने के लिए कर्सर को एरो (तीर) कुंजियों को आगे-पीछे करें, या एरो (तीर) कुंजियों से ऊपर-नीचे करें और कर्सर की निश्चित जगह का चयन करें। अब **मिटाएँ** कुंजी तब तक दबाएँ, जब तक अक्षर पूरी तरह न हटे।
- पूरे पाठ्य को हटाने के लिए **विकल्प** > *पाठ्य हटाएँ* को चयन करें और *चयन करें* दबाएँ।

आप शब्द की शुरूआत से अक्षर नहीं हटा सकते, यानि शब्द को आगे से पीछे की तरफ हटाना असंभव है।

■ साधारण अक्षर लिखना

आप हिन्दी व्यंजनों और मात्राओं को लिखने के लिए उपयुक्त कुंजी का चयन कर तब तक दबाएँ जब तक चाहे गये व्यंजन और मात्राएँ न मिल जाएँ। उदाहरण के लिये **'सारे'** लिखने के लिए **9** को आठ बार दबाएँ, **2** को एक बार, **9** को दो बार और **3** को एक बार दबाएँ। दो शब्दों के बीच खाली स्थान छोड़ने के लिए **0** दबाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

1. **सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
सारे	स + ा + र + े	9 2 9 3
जहाँ	ज + ह + ा + ँ	5 9 2 1
से	स + े	9 3
अच्छा	अ + च + ् + छ + ा	2 5 * 5 2
हिन्दोस्ताँ	ह + ि + न + ् + द + ो + स + ् + त + ा + ँ	9 2 7 * 7 3 9 * 7 2 1
हमारा	ह + म + ा + र + ा	9 8 2 9 2

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

2. **दिवाली की शुभकामनाएं** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
दिवाली	द + ि + व + ा + ल + ी	7 2 9 2 9 2
की	क + ी	4 2
शुभकामनाएं	श + ु + भ + क + ा + म + न + ा + ए + ं	9 2 8 4 2 8 7 2 3 1

3. **ईद मुबारक** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
ईद	ई + द	2 7
मुबारक	म + ु + ब + ा + र + क	8 2 8 2 9 4

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ * कुंजी के उपयोग

* का तीन तरह से उपयोग होता है:

- व्यंजनों के मिश्रण के लिए
- किसी व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखने के लिए
- विशिष्ट अक्षरों के सूचीपत्र को खोलने के लिए * को देर तक दबाएँ रखें

■ व्यंजनों का मिश्रण

अगर हिन्दी पाठ्य लेखन को चुना गया है तो आप * का उपयोग मिश्रित व्यंजन लिखने के लिए एक बार दबाकर कर सकते हैं। क्रम ऐसा है – व्यंजन लिखें, बाद में * दबाएँ और जिस व्यंजन को साथ में लेना है, उसे लिखें। कुछ मिश्रित व्यंजनों के उदाहरण निम्नलिखित सूचीपत्र में दिये गये है।

संयुक्त व्यंजन	व्यंजनों का मेल
क्त	क * त
क्र	क * र
क्ष	क * ष
झ्र	झ * र
त्त	त * त

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

त्र	त * र
द्व	द * व
ध्र	ध * र
न्न	न * न
श्व	श * व
ह्र	ह * र
ग्र	ग * र
भ्र	भ * र
ह्म	ह * म
द्द	द * द
द्ध	द * ध
द्र	द * र
प्र	प * र
फ्र	फ * र
व्र	व * र
स्र	स * र
ह्य	ह * य
ज्ञ	ज * ञ

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ब्र	**ब * र**
द्म	**द * म**
द्य	**द * य**
श्र	**श * र**

अगर आपने अंग्रेजी पाठ्य लेखन चयन किया है, तो आप विशिष्ट अक्षर ***** को एक बार दबाने से पा सकते हैं।

■ व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखना

अगर आप किसी व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखना चाहते हैं, तो किसी स्वर को लिखने से पहले (**2** और **3** कुंजी के इस्तेमाल से) ***** दबाएँ।

■ विशिष्ट अक्षरों के सूची-पत्र को खोलना

विशिष्ट अक्षरों के सूची-पत्र को खोलने के लिए ***** को देर तक दबाएँ। आपको विराम चिन्हों और विशेष अक्षरों की एक सूची दिखेगी। कोई भी विराम चिन्ह या विशेष अक्षर चयन करने के लिए तीर (एरो) कुंजियों का इस्तेमाल करें और **प्रयोग करें** दबाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

विशिष्ट अक्षरों और विराम चिन्हों की सूची निम्नलिखित है:

विशिष्ट अक्षरों की सूची
क्ष त्र ज्ञ ् ॐ । ॥ ॰ ऽ . , ? ! " - ( ) @ / : _ ; + & % * = < > £ € $ ¥ ¤ [ ] { } \ ~ ^ ` ¡ ¿ § # | ⎵ ↵

उदाहरण के लिए:

- अगर आप हिन्दी पूर्णविराम या । (देवनागरी डंडा), या ॥ (दो डंडे) लिखना चाहते हैं, तो ***** कुंजी को दबा कर रखें। एरो (तीर) कुंजियों का इस्तेमाल करते हुए इच्छित अक्षर चयन करें और फिर **प्रयोग करें** दबाएँ।

विराम चिन्हों और विशेष अक्षर लिखे बिना वापस लौटने के लिए **पीछे** दबाएँ।

■ रेफ अक्षर ''र्'' लिखना

रेफ अक्षर लिखने के लिए पहले **''र ''** लिखें, फिर हलंत लगायें, उसके बाद व्यंजन लिखें। उदाहरण के लिए **''र्फ''** लिखने के लिए **9** कुंजी को दो बार दबाएँ ***** को एक बार दबाएँ और फिर **8** को दो बार दबाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अक्सर उपयोग में आने वाले कुछ शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिये गए हैं।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
बर्फ	ब + र + ् + फ	8 9 * 8
दुर्गा	द + ु + र + ् + ग + ा	7 2 9 * 4 2
कर्म	क + र + ् + म	4 9 * 8
शर्म	श + र + ् + म	9 9 * 8
पर्व	प + र + ् + व	8 9 * 9
स्वर्ग	स + ् + व + र + ् + ग	9 * 9 9 * 4

रेफ लगाने के लिए आप व्यंजन या मात्रा के बाद चार बार **1** को दबा सकते हैं। जैसे कि **8** को दो बार दबाएँ और फिर **1** को चार बार, तो **र्फ** बनेगा।

 कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ हलंत अक्षर लिखना

हलंत के उपयोग से किसी व्यंजन के साथ लगे स्वर को समाप्त किया जा सकता है। अक्सर हलंत के उपयोग से स्वररहित व्यंजन बनाये जाते हैं, जिन्हें बाद में अन्य व्यंजनों के साथ जोड़कर मिश्रित व्यंजन बनाये जाते हैं। हलंत का उपयोग मिश्रित व्यंजनों के अलावा आधे अक्षर या वर्ण बनाने में किया जाता है। हलंत को किसी अक्षर या वर्ण पर लगाने के लिए पहले अक्षर लिखें और फिर ***** को एक बार दबाएँ।

पाठ्य का प्रदर्शन हैंडसेट पर निर्भर करता है इसलिए प्रदर्शन बदल भी सकता है।

अक्सर उपयोग में आनेवाले शब्दों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिये गये हैं:

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
रक्त	र + क + ् + त	9 4 * 7
ज़ख्म	ज़ + ख + ् + म	5 4 * 8
वक्त	व + क + ् + त	9 4 * 7
प्राप्त	प + ् + र + ा + प + ् + त	8 * 9 2 8 * 7
पन्ना	प + न + ् + न + ा	8 7 * 7 2

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

व्यंजन में हलंत लगाने के लिए **1** को बार-बार दबाएँ जब तक कि हलंत प्राप्त न हो जाए। इसके अलावा आप विशिष्ट अक्षरों की सूची से हलंत का चिन्ह ् चुनकर भी उसे व्यंजन के बाद लगा सकते हैं।

हलंत तथा हलंत चिन्ह के बीच मुख्य अंतर है:

- **1** कुंजी से हलंत लगाने या दो व्यंजनों के बीच ***** कुंजी दबाने से दोनों जुड़ जाते हैं, जैसे - **पाठ्य**।
- विशिष्ट अक्षरों की सूची से, दो व्यंजनों के बीच हलंत लगाने से, पहले व्यंजन पर हलंत चिन्ह लग जाता है लेकिन वह दूसरे व्यंजन के साथ जुड़ता नहीं, जैसे - **पाठ्‌य**।

■ रकार अक्षर लिखना

रकार अक्षर लिखने के लिए व्यंजन लिखें, उसके बाद, हलंत लगायें और **"र"** लिखें। उदाहरण के लिए **ट्र** लिखने के लिए **6** एक बार दबाएँ, ***** एक बार और फिर **9** दो बार दबाएँ।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अक्सर उपयोग में आनेवाले कुछ शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिये गये हैं।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग करने से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
ड्रम	ड + ् + र + म	6 * 9 8
ट्रक	ट + ् + र + क	6 * 9 4
ट्रे	ट + ् + र + े	6 * 9 3
राष्ट्र	र + ा + ष + ् + ट + ् + र	9 2 9 * 6 * 9

व्यंजन या मात्रा के बाद रकार लगाने के लिए आप **1** कुंजी को भी पाँच बार दबा सकते हैं। जैसे – **ट्र** के लिए **6** को एक बार और **1** को पाँच बार दबाएँ।

■ T9 शब्दकोश

हिन्दी भाषा के लिए भी T9 शब्दकोश का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए **विकल्प** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश** के विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ।

कुंजी के इस्तेमाल से **हिन्दी** विकल्प को चुनें और **चयन करें** दबाएँ। T9 शब्दकोश मोड उपलब्ध होने पर संदेश प्रदर्शित होगा और आप सीधे पाठ्य लेखन की स्क्रीन पर पहुँच जाते हैं। शब्दकोश मोड बंद करने के लिए **विकल्प** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश** विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश बंद** विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ।

■ हिन्दी पाठ्य लेखन को अन्य फ़ीचरों के साथ इस्तेमाल करना

आप हिन्दी पाठ्य लेखन को संपर्क बनाने, संपर्क विवरण में लेख जोड़ने, स्वागत नोट बनाने और बैनर बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह फीचर विशेषकर तब उपयोगी है जब, हम जो कहना चाहते हैं उसे, अंग्रेजी या किसी दूसरी भाषा के शब्द सही तरह से व्यक्त नहीं कर पाते या पूरी तरह असरदार नहीं होते। **''ठहरना''** आदि शब्दों के लिए भी, जिनका उच्चारण केवल देवनागरी अक्षरों द्वारा सही प्रकार से समझा जा सकता है, हिन्दी पाठ्य लेखन उपयोगी साबित होता है।

ध्यान दें: हिन्दी में संदेश भेजना एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। आप केवल उन्हीं मोबाइल फोनों पर हिन्दी में संदेश भेज सकते हैं, जिन में हिन्दी भाषा की सुविधा है। जिन फोनों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं, उन पर बेतुका पाठ्य दिखाई देगा। कुछ नेटवर्क हिन्दी पाठ्य प्रसारण का समर्थन नहीं करते। यदि आपको हिन्दी भेजने और पाने में परेशानी हो तो अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

कॉपीराइट © 2008 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

नोकिया केयर ऑनलाइन

नोकिया केयर वेब सहायता आपको हमारी ऑनलाइन सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी देती है।

इंटरॅक्टिव प्रदर्शन

यह सीखें किआपको पहली बार अपना फ़ोन कैसे सेट करना है, और इसकी सुविधाओं के बारे में और अधिक जानें। इंटरॅक्टिव प्रदर्शन आपके फ़ोन का उपयोग करने के बारे में क्रमिक रूप से निर्देश देते हैं।

उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

ऑनलाइन उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका में आपके फ़ोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अद्यतन जानकारियों के लिए नियमित रूप से जाँच अवश्य करते रहें।

सॉफ़्टवेयर

अपने फ़ोन और पीसी के लिए सॉफ़्टवेयर उपयोग करके अपने फ़ोन का अधिक-से-अधिक लाभ उठाएँ। नोकिया पीसी सुइट आपके फ़ोन और पीसी को जोड़ता है इसलिए आप अपने कैलेंडर, संपर्कों, संगीतऔर छवियों को प्रबंधित कर सकते हैं, जबकि अन्य अनुप्रयोग इसके उपयोग के पूरक के रूप में कार्य करते हैं।

सेटिंग

फ़ोन की कुछ कार्य प्रणालियाँ, जैसे कि मल्टीमीडिया संदेश सेवा, मोबाइल ब्राउज़ करना और ई-मेल*, का उपयोग करने से पहले आपको सेटिंग प्राप्त करनी पड़ सकती हैं। इन्हें अपने फ़ोन में निःशुल्क प्राप्त करें।

* सभी फ़ोनों पर उपलब्ध नहीं हैं।

यदि आपका देश ऊपर सूची में नहीं है, तो कृपया www.nokia.co.in/support पर जाएँ।

NOKIA Care